


ॐ

[illegible]कोपासनादर्पण

प्रथम खण्ड

लेखकः-

[illegible] धन शम्सेर जङ्गबहादुर राणा

"[illegible]धिजयी कुलशिरोमणि"

मुद्रकः—
[illegible] प्रेस ” नेपाल

निवेदन

यह ‘ श्रीतान्त्रिकोपासनादर्पण ’ हमारे पूज्य ज्येष्ठ भ्राता ‘विश्वविजयी कुलशिरोमणि ’ लेफटिन्याण्ट जनरल धनशमशेर जङ्ग बहादुर राणा द्वारा वहुग्रन्थावलोकन अतथा स्वयं पनी गुरुकृपा का अनुभव से निर्माण कियागया हैं । आपने सन्नसें पहले श्रीपराविभूतिस्तोत्र ’ तथा ‘ योगानन्दलहरी ’ नेपाल में वैठकर संस्कृत में निर्माण किये, उसके वाद पोखरा में वैठकर ‘ श्रीपरामहिमस्तोत्र ’ तथा ‘ श्रीपराङ्गस्तवराज ’ भी संस्कृत में ही निमोणकर चारों ही पुस्तिकायें मुद्रित कराया हैं । हिदुस्थान सें वहुत सें जिज्ञासुओं के अनुरोधन सें तत्पश्चात आपने हिन्दी भाषा में लेख देनेका आरम्भ कर ‘ वत्तिसवर्षका अनुभव ’ नामक एकलम्वा लेख २५ अङ्क तक शाक्तसंमेलन की मुख पत्रिका ‘ चण्डी ’ में पोखरा वैठकर देदिया था । अभी भी यहा नेपाल में वैठकर उक्त ‘ चण्डी ’ में वरावर विविध प्रकार के लेखों भेजरहें हैं । शाक्तसम्मेलन ‘ चण्ड़ी ’ का संस्थापक स्वर्गीय परमपूज्य श्री १०८ वावा मोतिलालजी महाराज आप (हमारे पूज्य ज्येष्ठ भ्राता) के लेखों को वडाही प्रसंशा करते थें । अतः उहों ने आपको “ विश्वविजयी कुलशिरोमणिं ” का उपाधि ‘ चण्डी ’ द्वारा प्रदान करने की कृपाकिये । उसके-वाद वहुत सें पूज्यलोग का आज्ञानुसार तथा अन्य अन्य जिज्ञासुओं का अनुरोधसें ‘ चण्ड़ी ’ अपने ‘ वत्तिसवर्ष का अनुभव ’ नामक लेखका ही अनुसरण कर मन्त्रोद्धारादि तथा आवरणादि भी रखकर उस लेखका करिव तीगुना कर यह श्रीतान्त्रिकोपासनादर्पण ’ निर्माण कर मुद्रितकराने का था, परन्तु यहाँ का कोई कोई ‘ गोपनीय ’ का पूजारीलोग ने

कहा की "ऐसे मन्त्रोद्धारों तथा आवरणों मुद्रित कराकर प्रकाश कर लाभउठाना उचित नहीं हैं। ऐसा कहकर रूकदिया अतः इस ग्रन्थकर्ता किंकर्तव्य विमूढ जैसे वनगएथें। तव।

इसी प्रकार के गोपनीयताका पुजारियो के स्वार्थ भावनायें में तन्त्रशास्त्र के मार्मिक रहस्यों को प्रतिदिन ह्रास होरहा हैं। यथार्थ तत्वज्ञान के अभाव से हंम हिन्दूधर्मावलम्वी लोग को अपने धर्म्म तथा अपने शास्त्रों के प्रति अश्रद्धा का उत्पन्न होरहा है, फिर, अपना धर्म्मका मार्मिक रहस्य न समजकर शाक्तो, वैष्णवों, शैवों, गाणपत्यों, सौरें तथा वेदान्तियों में परस्पर विवाद चलरहा हैं। फिर भी अन्य कोई उदारचित्त वाले अपने परिश्रम सें लोको पकाराय तन्त्रशास्त्रों तथा उसका रहस्यों मुद्रितकराने का चेष्टा करते ही ये गोपनीयता का पूजारीलोग हरतरहसें उसमें विघ्न ढालने की चेष्टा करते हैं। इस का क्या कारण हैं वेलोग ही जाने। मेरुतन्त्र में निम्नलिखित वचन प्रमाण मौजुद ही है। "अतएव मयाप्रोक्तं दुष्कृते प्रवले कलौ। कुलाचारोऽपि सत्येन कर्तव्यो व्यक्त भावत:॥ गोपनाद्धियते सत्य नगुप्तिरनृतंविना। तस्मात् प्रकाशतः कुर्यात् कौलिकः कुलसाधनम्॥" फिर आपने इस लेख में मन्त्रों तथा आवरणों स्पष्टरूप सें नदेकर केवल उद्धाररूप सें दिये हैं। गुप्त गुप्तविधानोका भी अतीव सूक्ष्म तथा संकेत कियागया हैं तो इस पुस्तक मुद्रित कराने में कोई भी शङ्का की वात मेरा चित्त में नहीं आती हैं। मेरे को संमति दिजिए मैं मुद्रत कराके मेराव्यय के अतिरिक्त मुनाफा नलेकर वितरण करूंगा, इस से आपकी

शङ्का हटजाएगी आप भी निर्दोष वनजाएंगे।" इस प्रकार की वात कहकर मैंने आपकी संमति लेकर इस ग्रन्थ मुद्रित करारहा हूँ फिर जिज्ञासुओं के लिए योग्य मुल्य में वितरण करूंगा। इस की रचना हिन्दूधर्मावलम्वी मात्र के उपकार तथा संकलन की दृष्टिसें की गई हैं। इससें पढकर पाठक कुछ तन्त्र का मार्मिक रहस्य जानसकता हैं। विशेष पुस्तक हाथ में आनेपर अपने विशेषता स्वयं दर्शायेगी। इत्यलम्।

भवदीय

वो. ज. इन्दु शम्शेर ज[illegible]

प्रकाशक.

[illegible]

॥ भूमिका ॥

हमारे हिन्दू-धर्म में सें विशेषतः तन्त्रशास्त्र के रहस्यों का दिनपरदिन ह्रास हो रहा हैं। यह बडी ही खेदकी वात हैं। कारण यह हैं की तन्त्रशास्त्र का अनन्त ग्रन्थों हैं, फिर उन में सें, चुनचुनकर स्वय अनुभव सें सिद्धकर अनेक गुरुओं सें अनेक परम्परायें निकले हैं। उन सबको जानना अशम्भव हैं। केवल अपनी ही गुरुपरम्परा की वात यथार्थ जानने वाला साधक भी वही 'गोपनीय' के विचार में मग्न हो रहें हैं। कितने ज्ञाता साधक लोग पूर्वोक्त विचार सें जितनातक प्रकाश करने योग्य था उतना तक भी प्रकाशनकर देहत्यागने की वाद अपने सकल ही अनुभवीक ज्ञान साथ साथ लेकर परमपद को चलेगये होंगे । नहीं तो इन दिनों तक तन्त्रशास्त्र का चमत्कार की उन्नति ही रहतीथी । विविध तन्त्रग्रन्थों एक ही आदमी का पास जूटना कठीन हैं, यदि लाइब्रेरी यों में जूट सकेतो भी एक विषय के लिए कितनें हीं तन्त्रग्रन्थों का अवलोकन कर समय नष्ट करना होगा। इस हेतु सुविधा के लिए हमारे नेपाल के भूतपूर्व श्री ५ महाराजाधिराज पृथ्वीनारायण साह वहादुर देव का सुपुत्र श्री ५ महाजाधिराज प्रतासिंह शाह वहादुर देव ने उस काल के तान्त्रीकों के सहायता सें विविध तन्त्र-ग्रन्थों सें सार निकालकर "पुरश्चर्यार्णव" नामक ग्रन्थ निर्माण कर हस्तलिखित रूप में रखदिए थे । वही पुस्तक विक्रम सम्वत् १९५७ में हमारे पुज्य पितामह भूतपूर्व नेपाल शासक श्री ३ महाराज वीर शम्शेर जङ्ग वहादुर राणा का अनुमति सें प्रभाकरीकम्पनिने मुद्रित कराया

था। अभी उस पुस्तक खरिद नें को मिलना दुर्लभ सा होगया यद्यपि मैंने एक सामान्य कुल पथानुयायी होकर केवल अपने गुरुदेवकी कृपा सें केवल अपने ही प्रयास से ग्रन्थाव लोकन और स्वानुभव सें निर्माण कियाहुआ यह " तान्त्रीकोपासनादपर्ण " " पुरश्चर्यार्णव " जैसे अन्य अन्य ग्रन्थों के तूलना में एक हास्यस्पद होगा, तथापि अपने अल्प अनुभव से जो जानलिया हूँ उस से यह " तान्त्रिकोपासनादर्पण " निर्माण करने का दुस्साहस कर रहा हूं। मेरा इस पुस्तक में केवल ऐहिक तुष्टि तथा पारलौकिक मुक्ति के विषय के लिए ही विविध प्रकार के उपासनायें की चर्चा हैं। विविध प्रकार के पट्कर्मादि का प्रयोग, इन्द्रजालादि कर्म, यक्षिण्यादिसाधन तथा शावरतन्त्र का प्रयोग इस पुस्तक में नहीं हैं, क्योंकि उन विषययों में मैं बिलकुल अनभिज्ञ हूँ। मेरा यह पुस्तक में क्षुद्रविद्यादि का प्रयोग नहोकर महाविद्या तथा सिद्धविद्या का ही प्रयोग का वर्णन कियागया हैं। मैं हिन्दी भाषा में विशेष निपुण न होने के कारण हमारे मित्र नेपाल इन्द्रीवजार निवासी हेडमाष्टर श्रीयुत ठाकुरदास वि. ए. विशारद ने मेरा इस लेख का हिन्दी भाषा का संशोधन करने की कृपा की हैं। अत: मैं आपको शतशः धन्यवाद करता हूँ। तन्त्र के जिज्ञासु के सेवा के लिए यथा शक्य मैंने परिश्रम किया हैं। मेरा इस लेख महानुभावों के सामने तो सूर्य के सामने दीपजलाना जैसा होगा, तथापि प्रथम श्रेणि के जिज्ञासुओं के लिए कुछ सेवाकरने की आशा हैं। किं बहुना पुस्तक पढने सें

पाठकों को स्वयं ही विदित होगा। आपलोग सें मेरी यह प्राथना हैं कि मेरा क्षुद्र पुस्तक में कुछ त्रुटी होगी तो मुझे अजान मानकर क्षमाकरने की कृपा करे।

मेरी सम्मती सें हमारे प्रिय कनिष्ठ भ्राता श्रीलेफ्टिन्यण्ट जनरल इन्दु शम्शेर जङ्ग बहादुर राणा ने इस पुस्तक मुद्रितकरा के यथायोग्य मूल्य में विक्री कराने का प्रबन्ध किया हैं।

धनशम्शेर जङ्ग बहादुर राणा



श्री ३ वीर शम्शेर



॥ श्री तान्त्रिकोपासना दर्पण स्थित विषयानुक्रमणिका ॥


तृतीयः पटलः

चतुर्थः पटलः

पञ्चमः पटल

षष्टः पटल

सप्तमः पटल



श्री महा गणपती

श्रीः

॥ अथ ॥

॥ श्री तान्त्रिकोपासनादर्पणम् ॥

॥ प्रथमः पटल ॥

॥ ॐ नमः श्री परदेवतायै ॥

तन्त्र शास्त्र अनन्त हैं। इसके सकल भेदों और रहस्यों का पारंगत एक सदाशिवके अतिरिक्त और कोइ भी नहीं हो सकता; मेरेजैसे अल्पज्ञों की वात तो दूर ही रहें। मैंने बहुत तन्त्र ग्रन्थोंका अवलोकन नहीं किया है। केवल श्रीगुरु-देवकि कृपाद्वारा और अपने ३२ सालके प्रयाससे जो अनुभव प्राप्त किया है, वह यथाज्ञान "३२ वर्षके अनुभव" नाम से सं० २००४ भाद्रपद की "चण्डी" सें आरम्भ कर सं० २००६ वैशाख मास की "चण्डी" में समाप्त किया है। इस लेखमालाको संशोधन कर विशेष मन्त्रों और रहस्यों को भी प्रकाशकर पुस्तक रूपमें संग्रहित करके भागो में विभाजन करके छपाने का अनुरोध वहुतसे साधकोंनें किया है; इस लिए मैं यह छोटा ग्रन्थ आपलोगों के अनुरोधानुसार लिखता हूं। मैं अल्पज्ञ हूं मेरे लेखमें कुछ भूल हो तो मैं क्षमा प्रर्थी हूं।

तन्त्र मार्ग पिपिलिका मार्ग हैं। इस मार्ग में बड़ाहीं सोच विचार करके धीरे धीरे चलना योग्य हैं। इस मार्ग मै सबसे पहले शास्त्र विहित विधि, निषेध विधि का और वर्णाश्रम धर्म्म, भेदाभेद का विचार बडेही जोरसे रखना चाहिए। जब अपने अपने गुरुपरंपरानुसार क्रमसे उपासना करते करते मनका भाव ठीक होजाएगा और केवल मुंहसे नहीं अपितु हृदय से भी निम्न लिखित निर्वाण तन्त्रोक्त वचनके सदृश मनोभाव होजाएगा तब स्वयं ही भेदाभेद का भाव हटजाएगा।

निर्वाण तन्त्रोक्त वचन इस प्रकारका हैं:—

"नात्राधिकारः सर्वेषां ब्रह्मज्ञान् साधकान् विना।
परब्रह्मोपासका ये ब्रह्मज्ञा ब्रह्मतत्पराः॥
शुद्धान्तः करणाः शान्ताः सर्वप्राणिहिते रताः।
सत्यसंकल्पका ब्राह्मास्त एवात्राऽधिकारिणः॥
ब्रह्मभावेन तत्वज्ञे ये पश्यन्ति चराचरम्।
तेषां तत्वविदां पूंसां तत्वचक्रेऽधिकारिता:॥"

वेदान्त मार्ग जो है वह विहंगममार्ग है उसमें भेदाभेदादिके भावोंकी कुछ भी जरुरत नहीं होगी। परन्तु विना पक्षके पक्षी याने विहंगम वनके खेचर कोई भी नहीं हो सकेगा। इसलिए वेदान्तके दो पक्ष हैं। वह हैं त्याग और वैराग्य जिसके विना वेदान्त श्रवण करना और पढना केवल भल्लूकको पुराण श्रावण कराना ही जैसा होगा। त्याग और वैराग्य प्राप्त नकर वेदान्तमार्ग का ग्रहण करना तो मेरे विचार में भ्रष्टाचार में लगजाना जैसा सूझता हैं। मैं अल्पज्ञ

: बडे बडे वेदान्ताचार्यों का विचार दूसरा ही हो सकताहै ह मुझे मालूम नहीं है। कलिकाल में प्रायासः मनुष्यों में याग और वैराग्य उत्पन्न होना दुर्लभसा होता है। इसलिए ंकरजी ने यह तन्त्रमार्ग पिपिलिका ढंग से प्रतिपादितकर 'फलावागमसंमतम्' यह वचन भी लिखदिया। फिर ग्रन्थान्तरमें स्वयं वेदान्ताचार्य श्री १०८ स्वामी शंकराचार्यजी ने ी लिखा हैंकि।

"यत्रास्ति भोगो नचतत्र मोक्षो यत्रास्ति मोक्षोनचत भोगः।
ीसुन्दरीसाधनतत्पराणां भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव॥"

इसलिये तन्त्रमार्ग में चलने सें आदमीलोग अपने अपने ौकिक व्यवहार के साथ साथही परमार्थका साधन कर सकते । इस तन्त्रमार्गका तात्पर्य है शक्ति साधन शक्तिका अर्थ है Vill power, और शक्तिसाधन Will culture अथवा elf-culture हमलोगोंके यही तन्त्र शास्त्रसे एक सूक्ष्म भाग दधृत कर पाश्चात्यलोगोंने Mesmerism और Hypnotism काल कर कितनी उन्नति कि है यह लोक प्रसिद्ध वात है फिर मलोगों का "भूतडामर तन्त्र" का शाखारूप Spiritualism । भी वहलोग अभ्यास कररहें हैं, परन्तु अच्छी सफलता भीतक नहीं होसकी। दुःख की वात हैंकि वेलोग हमारे ही ास्त्रसे उन्नतिकर रहें हैं, हमलोग अपने अनमोल शास्त्रों । अपहेलनाकर उन लोगोंकी ठाँटवाट रहनसहन का अनुकरण ररहे हैं। जो कुछ ही होवे अवमैं मेरा लेख आरम्भ करता ॥ साधकों का आकांक्षाके अनुसार जहाँतक होगा मन्त्रोद्धार ौर यन्त्रोद्धार देदुँगा; हो सकेतो आवरण पूजा की भी उद्धार

देनेकी चेष्टा करूंगा। परन्तु अन्य पूजा पद्धतियाँ अपने अपने गुरुपरंपरा भेदसे पृथक होनेके कारण वह नहीं देसकूँगा। गुरुपरंपराकी वात निचेके लेखों से स्पष्टीकरण कराता जाऊँ-गा। मेरी गुरूपरंपरा "वृहद्वडवानल तन्त्र से" उद्धृत की गई है। अन्य गुरूपरंराका ज्ञान मेरेको नही है। इसलिये मैं अपने ही गुरूपरंपराके मतानुसार लिख रहा हूं। अन्य किसी की गुरूपरंपरासे कहीं कहीं कुछ कुछ भेद जैसा भी प्रतीत हो सकता हैं। परन्तु मैं जहाँ तक होगा शास्त्रवचन प्रमाण भी देदुँगा। अब सबसे पहले आम्नायों का भेदका वर्णन करता हूं मैं ब्राह्मण नहीं हूं, एक सूर्य्यवंसी क्षत्रीय हूँ। इसलि-ये किसीके गुरू वननेका अधिकार मेरा नहीं हैं। तथापि साधकों में गुरुओं और शिष्यों दोनोंकी ही शुभेच्छा से इस लेखको आरम्भ कररहा हूँ। यह लेखरुप प्रेमपुष्पाञ्जलि समर्पण करके आपलोगों से प्रेमभिक्षा की याचना करता हुँ। यहलेख प्रत्येक आम्नायों का प्रत्येक पटल और अन्यविषयों की अन्य पटल कर छोटा छोटा पटल के रूपमें विभाजन किया जायगा। बहुतसे लोगों के मनमें है कि तन्त्रशास्त्र वामाचारी और पट्कर्मादिसे भरा हुवा हैं यहशास्त्र वेदशास्त्रसे अलगहै, परन्तु यह विचार सर्वथा झूठे हैं। जो वेद हैं। वही तन्त्र है। और जो तन्त्र है वही वेद है। इसके प्रमाण वहुत हैं। लेख विस्तार भय से यहा नही लिखाजायगा। तन्त्रशास्त्र १० दिशा के अनुसार १० आम्नाय में वाँटेगए हैं। इनमेंसे छ आम्नाये मुख्यलोक-प्रसिद्ध है। छ आम्नायें श्रीसदाशिव के षड्वक्त्रसें निकले हुए हैं। और इनमेंसे अधराम्नायका संवरोधिक्रम जो है वह वौद्ध तन्त्र हैं वह क्रमको हम वैदिक लोक ग्रहण नही करते

हैं। फिर अन्य ४ आम्नायों की उत्पति श्रीसदाशिव केही उत्तर और पूर्व मुख से मिलकर ईशानाम्नाय, वैसाही पूर्व और दक्षिण से आग्नेयाम्नाय, दक्षिण और पश्चिम से नैऋत्याम्नाय फिर पश्चिम और उत्तरसे वायव्याम्नाय हैं। इनमेंसे यक्षिणया-दिसाधन और पट्कर्मोंका प्रयोग यानि केवल भौतिक चम-कारी साधनोंसे भराहुवा नैऋत्याम्नाय होनेके कारणयह आम्नाय हम लोगोंसे त्याज्यहैं। इसलिये यह अधराम्नायका संवरोधि-मत और नैऋत्याम्नायका विवरण मेरे क्रममें नहोनेके कारण मैं नहीं देसकता हूँ। तन्त्रशास्त्र केवल वाम और कौल मार्ग के लिए नहीं हैं। दक्षमार्ग के लिए भी यह तन्त्रशास्त्र प्रसस्त हैं। गाणपत्य, सौर, शाक्त, वैष्णव और शैव इत्यादि सक-लही दर्शन तन्त्रशास्त्रमें मौजूद हैं। मेरे यह लेख पढते रहनेसे आप पाठक वर्गो में सव विदित हो जायगा।

हम लोगोंके प्राचीन गुरूलोगों और आचार्य लोगोंने विविध तन्त्रशास्त्रोंका अवलोकन और स्वयं अनुभव भी करके पद्धतियाँ तथा क्रम उद्धृत किये हैं। तन्त्रशास्त्र अगाध हैं। अनेक मतमतान्तरोसें क्रम और पद्धतियाँ भी अनेक हो सकती हैं। इसलिये जिस गुरुने जो क्रम और पद्धति अपने अनुभवसें सिद्ध की हैं, उनके शिष्यवर्गोंकी वही गुरु परंपरा होगी। तन्त्रग्रन्थ वहुत हैं, उनमेंसें ६४ तन्त्र मुख्य माने गये है। इनमेंसे कोई एकके आधार से एक गुरूपरंपरा वनजायगी फीर देशके जलवायु के अनुसार स्वास्थ ठीक रखना चाहिय लिखाभी हैकि।

" देहे नष्टेकुतो वुद्धि वुद्धि हिने कुतोस्मृतिः।
स्मृतिहीने कुतो ज्ञानं ज्ञानहीने कुतो गतिः॥"

इसलिये संप्रदाय मानना अत्यावश्यक है।

अब किस-किस देश में किस-किस संप्रदायसे उपासना करनी चाहिये, इस विषयमें शक्तिसङ्गमतन्त्र कालीखण्ड के चतुर्थ पटलमें निम्न लिखित वचन हैं:

"केरलश्चैव काश्मीरो गौडमार्गस्तृतीयकः।
षट्पंचाशद्देशभेदात् सर्वत्र व्याप्य तिष्ठति॥
अष्टादशसु देशेषु गौडमार्गः प्रकीर्तितः।
नेपाल देशमारभ्य कलिङ्गान्तं महेश्वरि।
आर्यावर्तं समारभ्य समुद्रान्तं महेश्वरि॥
केरलाख्यः क्रमः प्रोक्तस्तूनविंशतिदेशके।
तदन्यदेशे देवेशि काश्मीराख्यः क्रमः शुभः॥"

उपरोक्तवचन है, तथापि अपने-अपने गुरू जिस संप्रदायमें सिद्धहुये है, स्वयं भी उसी संप्रदायसे सिद्ध हो सकते हैं देशके विचार करनेकी आवश्यकता नहीं है। क्योंकि उस देश के जलवायुके अनुसार गुरुजी सिद्धिलेचुके ही है। कहा भी है कि "सुगुरोः प्रसारदान्निमेषमात्रेण सुसाध्य एव"। परन्तु एकबात याद रखनी चाहिये कि कोही एक आदमी केरलक्रमानुदेशवासी था भाग्यवश उसको गौडसंप्रदायी गुरू मिलगा तो वह शिष्य भी गौडसंप्रदायी बनजायेगा अब एक बार गौड मार्गान्तरगत अष्टादशदेश मध्यमें से एक देशमें जाकर वहाँ एक मास रहकर पुरश्चरण करना चाहिये। यह प्राचीन गुरूओंका अनुभव सिद्ध बात है। इससे दृढ विश्वास कीजिये कि यह सत्य है।

भारत वर्ष में आधुनिक पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से लोगोंका कुछ ऐसा विचार होगया है कि वेलोग बिना अपनी आँखो से देखे अथवा स्वयं विना अनुभव किए कुछ भी नहीं मानते। परन्तु पाश्चात्य डिग्रीवाले ईसाईलोगों की उक्ति तो विना अनुभव ही देववाणी जैसा परम सत्य मानते हैं। यही बात हमारे शास्त्रों के लोप होनेका कारण होरही हैं। लोग तात्कालिक अनुभव चाहते हैं। विना परिश्रम अनुभव कैसे होसके? प्राचीन गुरूलोगों ने कितना प्रयास कर कितने ग्रन्थोंका अवलोकन करके पद्धतियाँ ठीक कर दीक्षादिका क्रम ठीक किया होगा। इसके अनुसारकोई यदि ऐसा ऐसा वचन है "यह वताए तो इसका तत्व जानने की चेष्टा करने की बाततो दूररही" यह किस शास्त्रका, किस भागका, किस पटलका, किस पृष्ठका, और किस श्लोकका प्रमाण है?" इस प्रकारके अनेकों प्रश्न कर हँसी उडाते हैं। यदि किसी आचार्य के सञ्चित किए हुए पुरश्चर्यार्णव, मन्त्रमहोदधि, मन्त्रमहार्णव, कौलावलीनिर्णय, सौभाग्यरत्नाकर, कुलार्णवदीपिका, कालीकुलचिन्तामणि और शाक्तप्रमोद आदि अनेक ग्रन्थोंसे प्रमाण उद्धृत करके देना होगा और किसिने एवंवत प्रश्नकिया तो उसका उत्तर क्या दिया जायगा! हमारे नेपालमें प्राचीन पुस्तकों का सबसे वडा पुस्तकालय हमारे पूज्य पितामह श्री ३ स्वर्गीय महाराज वीरशम्शेर जङ्गबहादुर राणाका स्थापित किया हुवा "वीर पुस्तकालय" नामक पुस्तकालय है। उसमे प्राचीन पुस्तकें तो हस्तलिखित ही है। फिर उसमें भी वहुतसी पालीअक्षरमें हैं। फिर

नेपालकी पीठोंके आगमों में तो बहुतसे हस्तलिखित ग्रन्थ हैं, उनमेंतो ग्रन्थोंका नाम भी नही हैं। नाम में इतना हैं कि अमुक आचार्य संकलित पद्धतिः। मेरे पास यागादिका कुछ कुछ प्राचीन हस्तलिखित पद्धपियों से कापी कीहुई याग-महायागादिकी पद्धतियाँ हैं। उनमें तो आचार्यों का नाम तक भी नहीं हैं। "अमुक याग पद्धति" बस इतना ही लिख-दिया हैं। उससे यदि प्रमाण देना पड़ेतो किस तन्त्र के नाम से दिया जाय? लोगोंका कामहैं तत्व जानलेना और उपासना करना यह होनेसें फिर अधिक की क्या जरुरत? ग्रन्थों की खोज और उनके शोधनादितो गुरूलोगों और आचार्य लोग ही करचुके, फिर उन्होंने वह सब सुगम रुपसे हमलोगों के आगे पद्धतियाँ संकलित ग्रन्थों के रुपमें रख़देया हैं। अब हमलगो उन्हींके अनुसार उपासना कर अपने पूर्वजों के समान शक्तिशाली बने। बिना शास्त्र की सहायता लिए मन्त्र, यन्त्र; पद्धति और क्रम कोई नही बना सकता है। इसमें आपलोग निश्चित रहें। यहाँ मैं जहातक मेरी अल्पबुद्धिको सुझेगा, वहाँ तक शास्त्रवचनका प्रमाण देदुँग, मन्त्रोद्धार, यन्त्रोद्धार और आवरण पूजामें जिस जिसका श्लोकरूप में उद्धार मेरे पास है वह देदूंगा। परन्तु जिस जिसका केवल मन्त्रही जानताहूं उसमें "इतना अक्षरी मन्त्र" लिखदूंगा। मन्त्रोंका स्पष्टीकरण नहीं करूंगा। मेरे पास हस्तलिखित पुस्तकें ही विशेष रुपसें होनेके कारण पृष्ट, पटल और श्लोकाङ्क देनेसे असमर्थ हूं। इसमें क्षमा प्रार्थी हूं। विशेषतः मेरेपास बिना नाम की हस्तलिखित सांकेतिक पद्धतियाँ हैं। उनका प्रमाणतो केवल "आगम वचन" मात्र लिखूँगा। जिसविषयमें स्वयं मेरा अनुभव

नहीं हैं। उसमें अपनी अनभिज्ञता की सूचना देनेमें मैं शर्म भी नहीं मानूंगा।

मैंतो केवल एक मामूली कुलपथानुयायी हूँ। विद्याओंके भेद अनन्त है। केवल महामन्त्रों के भेद सप्तकोटि हैं। उपमन्त्रादि की बात तो दूर रही ऐसा अगाध विषय मुझजैसा अल्पज्ञ क्या जान सकता हैं? उसका कोट्यंश का एक अंशभी साङ्गोपाङ्ग मुझे विदित नहीं हैं। तथापि आर्य भाईयों के संगठन और उनके उपकार के लिए मैं जो जानता हूं, वही लिखकर प्रेम पुष्पाञ्जलि रूपमें समर्पित करके यथावकाश सेवा करता हूं। मैं पहले ही लिख चुकाहूंकि अनन्त शास्त्र होनेके कारण गुरूपरंपरा भेदसे बहुतसे क्रम और बहुतसी पद्धतियाँ हो सकती हैं। मैं तो उसमेंसे केवल अपनी ही गुरूपरंपराकी बात लिख सकता हूँ। अन्य परंपराये मुझे मालूमनहीं है। क्योंकि यह संकेत विद्या है। लिखा भी है कि "संकेतविद्या गुरुवक्त्र गम्या।" इसलिये ब्रह्मपथानुयायी लोगोंको अपने अपने परंपराका यथार्थ ज्ञानकर उपासना करना चाहिए। जैसाकि शुष्क साधक लोगोंका अपने पितृ-परंपरा के मार्ग से और आर्द्र साधकों की अपनी अपनी गुरूपरंपराके मार्गसे चलना परम कर्तव्य हैं। अनेक शास्त्रो के अनेक मतमतान्तर देखके मन ललचाके कभी यह कभी वह करनेसे समय व्यर्थ ही चलाजायगा। इसलिए अपनेही मार्गमें दृढ़ होकर अपने गुरूसे अथवा अपने पितृपरंपरासे मिलीहुई विद्या के आम्नाय, संप्रदाय, संकेत और पद्धतियों के ठीक ज्ञान प्राप्त करके उसे उपासनामें प्रयोग करें। इससे ज्ञानका स्वयं स्फूरण होगा और शक्ति (Will-power)

बढ़जायगी। हमलोगोंका बहुतसा समय व्यवहारी प्रपञ्च में ही व्यतीत हो जाता हैं। उससे जो समय बचता है, उसमें भी महापुरुष की ढोंग रचकर शास्त्रार्थ और वादविवाद में ही लगे रहें तो उपासना किससमय करें ? इस तन्त्रशास्त्रकी मतमें पौराणिकमत जैसा उपासनादि स्वयं आपही करने के बदले कोई एक विप्रको बुलाके कुछ दक्षिणा देके करबाकर आप ऐश आराममें रहने सें सिद्धि नहीं होगी। इस तन्त्रोंक्त उपासनामें स्वयं अपने ही शरीरसे और मनसे करना पडेगा। यानी अपने मेंही निर्भर रहना पडेगा (Self-reliance) अत्यावश्यक है। शक्ति साधन (Will culture or Self culture) यही है। यह साधनमे नाम का और ऐश्वर्य का अभिलाशा तनिक भी नहीं रखनी चाहिए लिखाभी है कि:—

" नरा मां विनिन्दन्तु निन्दन्तु नाम
त्यजत्वम्व वा ज्ञातयः संस्तुवन्तु।
यमोया भटा नारके पातयन्तु
त्वमेका गतिर्मे त्वमेका गतिर्मे ॥ "

ऐसाही साधकका भाव होना पडेगा। अपने गुरू के वचन और संप्रदायमें कुछ भी शङ्का नकरनी चाहिए। शङ्काके विषयमें लिखा है कि:—

" शङ्काभि र्भक्षितं सर्वं ब्रह्माण्डं सचराचरम्।
साशङ्का भक्षिता येन स शिवो नात्र संशयः ॥ "

इसी से अनुभवी गुरूका वचन ही प्रमाण मानकर उपासना करना सर्वोत्तम है। असद्गुरु (जो अपने संप्रदाय,

गुरुपरंपरा, आम्नाय, क्रम, मन्त्रसंकेत, यन्त्रसंकेत ध्यानसंकेत आवरणपूजा भेद इत्यादि से अनभिज्ञ हैं) की सेवा करना तो केवल अपना वित्त लुटाना ही हैं। सिद्धि की बाततो दूर रही। लिखा भी हैं कि ?

" असद् गुरूः स्वयंनष्टः कथं तारयते परम्।"

एक खेदकी बात है कि आधुनिक सभ्यतामें बहुत से आर्य लोग पशुबलि की-निन्दा करते हैं, और उसे हटानेका प्रयत्न कररहें है। वे लोग पशुबलि-निषेध के शास्त्र-वचन पर जोर देकर पशुबलि-विहित शास्त्र वचन की परवाह नहीं करते हैं। यह बात मेरे विचार से ठीक नहीं जँचती क्योंकि " पशुबलि करना उचित नहीं है।" यह बात जिस शास्त्र में लिखा हैं, वह भी ठीक है। परन्तु यह प्रथम भाव (पाशव-कल्प) के उपासकों के लिए लिखी है। (जो उपासना के संस्कारसे शाक्ताभिषेक लेकर शाक्त बनने के समर्थवान हो गये हैं, वेलोग तो पशुको असंस्कृतजीव और अपनेका संस्कृत जीव मान कर द्वितीय भाव (वीर कल्प) में आरुढ़ होतेहैं। तदनन्तर तृतीय भाव याने वीर-दिव्य भाव (कुल कल्प) में पहुच कर वे अपने को भैरव रुप ही मानते हैं।) इन लोगोंके लिए पशुबलि की विधि वेद, तन्त्र और पुराणादि शास्त्रों में देदी गई है। भाव चूडामणि में लिखा है कि:—

" भावस्तु त्रिविधो देव दिव्यवीरपशुक्रमात्।
गुरुव स्त्रिविधा श्चात्र तथैव मन्त्रदेवताः ॥
शक्तिमन्त्रो महादेव विशेषान्मन्त्रसिद्धिदः।

आद्यभावो महादेव श्रेयान्सर्व समृद्धिदः ॥
द्वितीयो मध्यमश्चैव तृतीयः सर्वनिन्दितः ॥ "

अहिंसावादी आर्योंको इतना तो विचार करना ही था कि यह अनुचित विषय होता तो शास्त्रों ने इसे क्यों बताया ? शास्त्रविहित कर्म करने से वेलोग निन्दा करते हैं तो वे वेद-निन्दक और शास्त्रनिन्दक हुए कि नहीं ? वेदनिन्दक लोगों की किस प्रकार आर्योमेंगणना हो सकती है ? वेलोग कहते हैं कि "यह पशुबलि केवल काम्यके लिए है, मुक्ति-साधन के लिए नहीं हैं।" इस विषयमें पुरश्चर्यार्णव के १०५५ पृष्ठ में निम्नलिखित प्रमाण मिलते हैं:--

"बलिभिर्वर्धते ह्यायुर्बलिभिः शाम्यते रूजा।
जयत्यरारीन् बलिभिः प्राप्यते बलिभिर्धनम् ॥
सिद्धिमाप्नोति बलिभिर्बलिभि स्त्रिदिवं व्रजेत्।
निष्कामाणां बलोद्दत्ते प्राप्यो मोक्षोऽपि यज्ञवत् ॥ "

ऐसे प्रमाण बहुत हैं। लेख विस्तार भयसे यहाँ नहीं देता हूँ। पशुबलि शास्त्र-विहित कर्म ही है। यह तो सबलोग जानते ही हैं। फिर इस में निन्दा कैसी ? कोई कोई आर्यलोग तो अपनी निर्जाराय प्रकटकरके कहते हैंकि "यदि मांस भक्षण करना है तो अन्यत्र स्थान में पशुवध करके खाले। पवित्र देव-देवीयों के नाम से पशुवध करके मांस भक्षण क्यों करें? " मेरे विचार सें तो यह एकदम शास्त्रवचन से उलटी बात हुई। क्यों कि शास्त्रमें तो बताया है कि "देवान् पितृन् समभ्यर्च्य खादन् मांसं नदोषभाक्।" इस वचनका अर्थ वे लोग क्या कहेंगे ? कोई-कोई पाशवकल्पका उपासक लोग केवल अपने ही मतसे

उग्र-उग्र स्वरसे दुसरेंकी बात का श्रवणही नहीं करके कहते हैं कि " सुरादर्शनमात्रेण कुर्यात सूर्यावलोकनम्। मांस भक्षणेनो देवि रौरवं नरकं व्रजेत् ॥ " शास्त्र ने ऐसा बताया है। यह अपवित्र हैं वे बेचारे लोग प्रथम भावमें ही पडरहे हैं फिर अष्ट-पाशसे मुक्त होनेके कर्म्ममेंतो उन लगोंकी दृष्टि तक भीनहीं पहुँच सकी और दंभका पूराशिकार बन रहे हैं तो यह "मद्यमांस का शोधन विधि शास्त्रमे बताया है;" इताना तक भी शायद उन लोगोंको मालुम नहीं होगा तो उनलोगोंको दोष नहीं है। परन्तु मैंयहबताता हूँ कि।

"मांसः शिवः सुराशक्ति स्तद् भोक्ता भैरवस्त्वयम्। "

यह कौलावलीनीर्णय में आगम शास्त्र वचन देदिया है ऐसा अनेक प्रमाण वेद, तन्त्र और पुराणादि शास्त्रों मे लिखा है। मै यहा लेख विस्तार भयसें नही देताहूँ। अब एक विचारणीय बात है। पवित्र और अपवित्र-भेद का निणर्य शास्त्र ही करता है। शास्त्रों केही आधारपर हमलोग पवित्र और अपवित्र मानलेते हैं। देखिऐ, सकल मूत्र अपवित्र मानेगये हैं, परन्तु गोमूत्र अति पवित्र मानागया हैं। वैसे ही गोमय भी पवित्रमानागया है। एवं हमसब आर्यलोग शास्त्र के ही आधार सें चलते हैं, वह नमानेंतो हमलोग विधर्मी बन जायेंगे। फिर मृगनाभि (कस्तूरी) मृग वधके विना कैसे उप-लब्ध होसकेगी ? वह मृगनाभि अहिंसावादी लोग भी अपने इष्टदेवता के पूजन में समर्पण करते हैं, तो जो लोग पशुयागका निन्दा करते हैं, वे लोग किस प्रकार अपने को आर्य सम-झते हैं।

यह तन्त्र-शास्त्र वास्तव में मनो-विज्ञान (occult-Science) शास्त्र है। इसका अभ्यास करना सूक्ष्मदेह याने मनोबुद्धि चित्ताहंकार का वशीकरण करना (Self healing) है। इसलिए बिना अभ्यास के यथार्थ फल नहीं मिल सकता जो गुरू मनोविज्ञान के सम्बन्ध के साथ इस विद्याका उपदेश कर सकताहै वही यथार्थ गुरु बन सकता है। मन्त्र जपने में वह मन्त्रका अर्थ चैतन्यादि मन्त्र-संकेत (Mental-affirmation) जान कर जपना, चाहिए। नहीं तो अनेक कोटि जपने से भी उसको सिद्धि नहीं मिल सकेगी। इस विषय में कुलार्णव तन्त्र में निम्नलिखित वचन हैं कि —

" मनोऽन्यत्र शिवोऽन्यत्र शक्तिरन्यत्र मारुतः।
नसिद्धयन्ति वरारोहे कल्पकोटिशतै रपि॥
मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं योनिमुद्रां नवेत्तियः।
शतकोटिजपेनापि तस्य सिद्धि र्न जायते॥"

फिर मन्त्र क्याहै ? इस विषय में पुरश्चर्यार्णव का ४१ पृष्ठ में लिखा है कि:-

" मननाद्विश्वविज्ञानं त्राणं संसारबन्धनात्।
यतः करोति संसिद्धिं मन्त्र इत्युच्यते ततः॥"

अब मैं क्रमश अपने अनुभव लिखता जाऊँगा और साथ-साथही यथामति व्याख्या भी करता जाऊँगा।

" कालसंकलनात् काली कालग्रासं करोत्यतः। "

कामधेनु तन्त्रमें ऐसा लिखा है। इसलिए काली परब्रह्मस्वरुपिणी अरुपा है। भक्तलोग उसकी जिसरुप में कल्पना करके

पासना करेंगे, वहीरूप धारणकर वह भक्त कि कामना पूर्ण रेंगी। जब कोई रुपकी कल्पना होगी तब " काली " पदके ागे कुछ उपाधि रखके पुकारा जायगा जैसा कि दक्षिणकाली, द्रकाली, गुह्यकाली इत्यादि। इनमें से प्रायसः नवधा कालिओं ा तन्त्रके प्रसङ्गमें जिस्का वर्णनकिया जारहाहो उसमें केवल काली अथवा कालिका " नामसे उनको पुकारा गयाहै। न्य कालियां जैसी नीलाकाली (तारा) प्रपञ्चेश्वरी, रक्त-ाली (महात्रिपुरसुन्दरी), कुब्जाकाली (कुब्जिका) इत्यादि ं तो उपाधियुक्त काली नामसे विशेष नहीं पुकारी जाएँगी, ेवल "काली" अथवा " कालिका " नामसे तो कदापि नहीं। हाकाल संहिता में नवधा कालिओंका वर्णन निम्नलिखित कारका है:--

" काली नवविधा प्रोक्ता सर्व तन्त्रेषु गोपिता।
आद्या दक्षिणकालीच भद्रकाली तथाऽपरा॥
अन्या श्मशान कालीच कालकाली चतुर्थिका।
पञ्चमी गुह्यकाली च पूर्व या कथिता मया॥
षष्ठी कामकलाकाली सप्तमी धनकालिका।
अष्टमी सिद्धिकाली च नवमी चंडकालिका॥"

यह सकल विद्यायोंका वर्णन नीचेनीचेके लेखोंमें देदूंगा। यह, " काली " की. तो. दक्षिणाचार, वामाचार और कौला-चारतीन ही आचार से उपासना हो सकती है। दक्षिणाचार में प्रथम भाव से उपासना होती है वह है पाशवकल्प । यह यह ३ भावके भिषयमें भावचूडामणी मे निम्नलिखित वचन

है । वड्इसवस्पष्टसे " भावस्तु त्रिविधो देव दिव्यवीरपशुक्रमात् । " इत्यादि पूर्वमें ही देचुका हूँ । अब ३ आचार के विषयमें वडवानल तन्त्र में लिखा है कि:-

" योगात् पंचमकाराणां वामहस्तेन पूजनात् ।
जपाद्धोमाच्च वामः स्याद्दक्षिणस्तद्विपर्ययात् ॥
तत्व तर्पणमंत्रं तु वामहस्तेन दक्षिणे ।
दक्ष हस्तेन वामेऽपि विशेषः परिकीर्त्तितः ॥
दक्षवामक्रियायुक्तः कौलश्चोभयमिश्रितः ।
मकाराऽऽवश्यकत्वाच्च दक्षतर्पणपूजनात् ॥
क्वचिद्वामेन देवेशि कौलो मार्ग स्तृतीयकः ॥ "

दक्षिणमार्ग पाशवकल्प तो है ही, परन्तु उसमें भी ३ भाव हैं वहइ प्रथम शुष्कपशुभाव, द्वितीय आर्द्रपशुभाव और तृतीय दिव्यपशुभाव । शुष्कभावमें बडीही निष्ठासे चलना पडता है और पशुयाग से कोसों दूर रहना चाहिए। यह भाव प्रायसः ब्रह्मचारी लोग करते हैं । दूसरा आर्द्र भाव और तीसरा दिव्यपशुभाव में पशुयाग करते हैं परन्तु पंचमकार का प्रयोगनहीं करते हैं परन्तु दिव्यपशुभाव में पंचमकारका प्रतिनिधिका प्रयोग करके कौल मार्ग के सदृश यजनादि कर्म करते हैं । जब यह पाशव कल्पसे उपासना करते करते मनका भाव ठीक होगा तब अन्य आचार में आरुढ़ होना होगा। यदि भाग्यवसात् त्याग और वैराग्य उत्पन्न हो जाएगा तो लम्बी चौडी बात ही नहीं वेदान्त शास्त्रका श्रवण, मनन और निदिध्यासन कर जीवन मुक्त होनेके लिए विहंगममार्ग से चलना योग्यहै । कलि कालमें मनो भाग ही ठीक

ना तो कठिन है त्याग और वैराग्य प्राप्तकरना तो आन- नहीं । इसलिए वामाचार अथवा कौलाचार में आरूढ कर पिपिलिका मार्ग ग्रहण करनाश्रेयस्कर है। पूर्वजन्मके प अथवा किसीके शापसे किसी विप्रका त्याग और वैरा- ग्यका उत्पन्न नही होगा तो कौलधर्म्मका आश्रय लेके पिपि- का मार्ग ग्रहण करना चाहिए । सिद्धान्तसारमें लिखा भी कि:—

" येविप्राः शापनिर्दग्धाब्रह्मकर्म विवर्जिताः ।
तेषां तु कौलमार्गोऽयं भुक्तिमुक्तोस्तु साधनम् ॥
येविप्राः पापसंजाताः शापनिर्दग्ध विप्लुताः ।
तेषां कुलाऽधिकारोऽयं मार्गस्याऽस्य प्रजायते ॥ "

अब किस किस आचारसे उपासना करना चाहिए यह षयमें वडवानल तन्त्रका वचन यह है:—

" पूर्व्वाम्नाये दक्षमार्गो वामः स्यात् पश्चिमे परे ।
दक्षिणोत्तरयो रूर्द्ध्वे मार्गौतौ वामदक्षिणौ ॥
विहाय सर्वं सर्वत्र कौलमार्गः प्रशस्यते ॥ "

यह पूर्वोक्त वचनका अभिप्राय यह हैं कि पूर्वाम्नाय से जो उपासना करते है वह प्रथम दक्षिणाचार से उपासना कर पश्चात् कौलाचार ग्रहणकरें। वैसाहि पश्चिमाम्नायोपासक वाममार्गसे उपासनाकर पश्चात् कौलाचारी बने। फिर दक्षिणाम्नायी, उत्तराम्नायी और ऊर्ध्वाम्नायी लोग अपने अपने रुचिके अनुसार दक्षिण अथवा वाम दोनों में से किसी एक आचार से उपासनाकर कौलाचार ग्रहणकरें । अधराम्नाय में केवल

स उपासना होती है, परन्तु यह आम्नाय बौद्धमतावलम्बी लोगोंकेलिए होनेके कारण मुझे मालूम नहीं है। गणपति, सूर्य शक्ति, शिव और विष्णु यह पंचदेवता भी एकही हैं। य पाचों काली ध्यान, मन्त्र, और यन्त्रका अर्थसे प्रकाका ही उत्पादन होता है। ये पाचोंका ही विवरण आम्नाय विभाजन का वर्णन में लिखूंगा।

उपासना के विषय में प्रथम भाग (शारावकल्प) में अपने को और इष्टदेवको पृथक् समझकर उपास्यदेवको स्वामी' आदि और अपने को दासादि मानकर उपासना करनी चाहिए। परन्तु जो पिता, सखा, भाई इत्यादि भावों से उपासना करते हैं, वे कालीको विष्णुरूप से और जो माता, वहन इत्यादि भावों से उपासना करते हैं। वे दक्षिणकाली, नीलाकाली, रक्तकाली इत्यादि रूपों से उपासना करते हैं। परातन्त्र के चतुर्थ पटल के ४४।४५ श्लोक में लिखा भी है कि:-

" बहुनि भेदरूपाणि कालिकायाः महेश्वरी।
आशासिद्धिप्रदा नित्या कौलमार्गप्रवर्त्तिका॥
महाकुलालिका या सा विष्णुःकालित्वामागताः॥"


फिर मुण्डमालातन्त्र में भी काली के दशमहाविद्या और विष्णु के दशावतार रूपों में एकत्व का प्रमाण दिया है, जो निम्नलिखित प्रकार हैं-


" कृष्णस्तु कालिका साक्षाद् राममूर्तिश्च तारिणी।
वराहो भुवना प्रोक्ता नृसिंहो भैरवीश्वरी॥
धूमावती वामनः स्याच्छिन्ना भृगुकुलोद्भवः॥
कमला मत्स्यरूपः स्यात् कुर्मस्तु बगलामुखी॥
मातङ्गी बौद्धइत्येषा षोडशी कल्किरूपिणी॥"

हमारा शास्त्र अगाध है, परन्तु उसका मार्मिक रहस्य न समझकर हमलोग अनेक मतावलम्बी बन रहे हैं। अपने ही शास्त्रकी हम निन्दा कर रहें हैं, फिर सिद्धि किस प्रकार मिले ? जो वैष्णव हैं वे शाक्तों की निन्दा करते हैं और जो शाक्त हैं वे वैष्णवों की निन्दा करते हैं दक्षिणाचारी, वामाचारी, और कौलाचारी लोगोंमें भी परस्पर विरोध करते हैं। परन्तु उद्देश्य तो एक ही है। केवल श्रेणीका भेद है। यह बात हमलोग नहीं समझते हैं। बौद्धमार्ग पशुवलि का पूर्ण विरोधी हैं, परन्तु उस शास्त्रों भी शाक्तमत में बौद्धतन्त्र के मतसे आर्यतारा की अधराम्नाय से उपासना करके चीनक्रम, महाचीनक्रम से पशुयाग करने की विधि बताई है। ऐसे बौद्धतन्त्र बहुतसे हैं। जो कर्म बहिर्भाव से अपवित्र हैं, वही अन्तर दृष्टि से पवित्र होते हैं। जैसे पशुवलि बहिर्भाव से पाप जैसा प्रतीत होती है। परन्तु अन्तर्भाव से यह परोपकार का काम है। छाग का जन्म ही वधके लिए होता है। हम हिन्दूलोग पशुयाग में उसका वध न करें तो भी उसकी जान नहीं बचेगी। ईसाई आदि अन्य धर्मावलम्बी लोग भक्षण के लिए उसका अवश्य ही वध करेंगे। हम लोगों में से भी भक्षण के लिए बहुत से वृथा हिंसा करेंगे। ईन सब बातोंसे यह विचार करना सरल है कि देव देवीयों के सन्निधान में प्राणत्याग करनेवाले जीवों की पुनर्जन्म की अवस्था अन्य स्थान में प्राणत्याग करनेवाले जीवों की पुनर्जन्म की अवस्था से बहुत उँचे दर्जे की होगी। कोई लोग पशुवलि के विषय में लिख सकते हैं कि " जो लोग पशुवलि करते हैं, क्या उन सब लोगों के अन्तर्चक्षु खुले हैं ?" इनको मेरा जवाफ यह है कि

" जब वे लोग इसे धर्म समझते हैं और यह शास्त्र विहितक भी है तो उन लोगों को इससे पुण्यलब्धि क्यों नहीं ? " शा में नरहत्या पाप है, परन्तु रण के लिए शास्त्र में नरहत्या पुण बताया गया है इसलिए रण में कितनी ही नरहत्या करने प भी वे अपने को धार्मिक समझते हैं। वास्तव में वे धार्मिक भी शास्त्र में लिखा भी है कि " मन एव मनुष्याणां कार बन्धमोक्षयोः "। तब ' पशुबलि से पाप होगा ' इस बात क लेश भी उन लोगों के मन में न होगा तो फिर पाप कैसा अब मैं इतने ही मैं यह पटल समाप्त करता हूं।

इति धनशम्शेर वर्मणासंग्रहित-श्री चान्तिकोपासनादर्पं पूर्व पीठिकानामः प्रथमः पटलः ॥





श्री कुल मार्तण्ड भैरव

* अथ द्वितीयः पटलः *

॥ ॐनमः श्रीपरदेवतायै ॥

अब देव-देवियों की उपासनाभेदका वर्णन करता हूँ। सबसे आगे आम्नायका प्रसङ्ग करता हूं। (आम्नायके ज्ञान विना किसी देव-देवीकी पूजा नहीं हो सकती। क्योंकी प्रत्येक देव-देवी की पूजा में प्रथम श्रीगणपति महाराज की पूजा करना अत्यावश्यक है श्रीगणेशजी का पूजा मन्त्र और ध्यानादि भी आम्नायों में विभाजन किया गया है। इसलिये जिस आम्नायके देव-देवी की पूजा होगी उसी आम्नायका गणपति का अर्चन होगा।) फिर प्रत्येक आम्नाय की हस्तक्रियादि विधियाँ पृथक् पृथक् होती हैं आगे ही लिख चुका हूं कि (आम्नायें १० है उनमें से नैऋत्याम्नाय मुमुक्षु लोगोंके लिए त्याज्य होने के कारण आम्नायों नव (९) ही है। परन्तु शक्ति के विना अन्य देवों को उपाम्नाय (ईशान, आग्नेय और वायव्य) में विभाजन नहीं किया है। इसलिये अन्य देवों का छ ही आम्नायें है) शक्तिसङ्गमतन्त्र में लिखाहै कि:-

"आम्नायो नवधा प्रोक्तश्चोत्तमादिप्रभेदतः।
त्रिभेदे यतु भेदस्य त्रितयं त्रितयं त्रिषु ॥
उत्तमं शृणु तत्रादौ शैवादिदशने नच ।
शाक्तं शैवं वैष्णवं च सौरं गाणपमेवच ॥
बौद्धं च देवदेवेशि दर्शनानिच षट् क्रमात्।
षट्दर्शनस्य परमन्त्रा ऊर्ध्वाम्नाये प्रकीर्तिताः ॥
अनेनैव प्रकारेण पूर्वदक्षिण पश्चिमः ।
उत्तराधेत्यूर्द्धसंज्ञा षडाम्नायाः प्रकीर्तिताः ॥"

बहुत से लोगोंके विचार में "तन्त्र और वेद पृथक हैं, कौलिक और वैदिक पृथक है" यह दृढ हैं। परन्तु यह बडी ही खेदकी बातहै कि वेलोग विना शास्त्रावलोकनकर शास्त्रका मर्मनहीं समजकर यात–बातमें ही उड़ते है। उनलोगों के लिये मैं यहा छोटासा प्रमाण देता हूँ। मेरुतन्त्रमें लिखा है कि:—

"नवेदः प्रणवं त्यक्त्वा मन्त्रो वेदसमन्वितः ।
तस्माद्वेदपरो मन्त्रो वेदाङ्गश्चागमः स्मृतः ॥"

(आगमशास्त्र तन्त्रशास्त्रका पर्याय वाचक शब्द है।("आगम" पदका अर्थ रूद्रयामलतन्त्र इसप्रकार सें लिखंता है कि:—

"आगतः शिववक्त्रेभ्यो गतश्च गिरिजामुखे।
मग्नस्तस्या हृदम्भोजे तस्मादागम उच्यते ॥

इस प्रमाण से रामायण भी आगम शास्त्र याने तन्त्र शास्त्र हैं। रामानन्दी लोग भी तान्त्रिकही है। कौलिकों के विषयमें वही रूद्रयामल तन्त्रमें लिखा हैं कि.—

"कौलिकं कुर्वतः कर्म्म वैदिकंनावधीयते।
विरूद्धादुभयं नष्टं तस्मादेकपथा चरेत् ॥"

इस लिए कौलिक और वैदिक एकही हैं। हाँ बौद्धतन्त्र तो वेद से अलग है ऐसे प्रमाण बहुत हैं। लेखविस्तारभयसे यहाँ थालिपुलाकन्यायसे इतना ही प्रमाण देता हूँ।

अब गणपति के विषयमें मेरेको विशेष मालूम नहीं हैं। मन्त्र ध्यानादि जो जानताहूँ आम्नायों के विवरण में लिखुंगा। फिर सूर्यके विषयमें सूर्यका सकलही भेद दक्षिणाम्नायात्मक होनेके कारण दक्षिणाम्नायका विवरणवाले पटलमें दिया जायगा। सूर्यके विषयमे पुरश्चर्यार्णव में लिखा हैं कि:—

"एक एवास्य चाम्नायो दक्षिणः परिकीर्तितः।
यथाऽयं यवनं विप्रं सममेव करैः स्पृशेत् ॥
उपासना तथैवास्य स्वधर्माचार पूर्विका ।
चतुर्युगेषु प्रत्यक्षो देवोऽयं सर्वं संमतः ॥
सर्वेषा मेव देवानां नेत्रभूतो जगत्पतिः ॥

अब मैं वैष्णव दर्शन के विषयमें वैष्णवों के भेदका वर्णन करता हूं। वैष्णव मार्गमे दशभेद हैं याने १० प्रकार से उपासना होता हैं। इस विषयमें शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा हैं कि:—

वैखानसो भवेदादौ श्रीराधावल्लभ स्तथा।
गौकुलेशो महेशानि तथा वृन्दावनी भवेत् ॥
पंचरात्रः पंचमः स्यात् षष्ठः श्रीवीरवैष्णवः।
रामानन्दी हरिव्यासी निम्बार्कश्च महेश्वरी ॥
ततो भागवतो देवी दशभेदाः प्रकीर्तिताः ॥

अब ये दशभेदों मेंसे किस किस मत किस किस प्रकार के होते हैं। और किस किस प्रकार से उपासना करते हैं। इस विषयका मैं यहां वर्णन करता हूं। यही शक्तिसंगमतन्त्र में लिखा है कि:—

[१] " वैखानसादिदीक्षाचैर्भूषित स्मार्त वैष्णवः ॥ "

अब ये वैखानस लोग वेद सें भी अधिक स्मृतिशास्त्र से चलते हैं। इनलोगों के किसी किसी गुरुके परंपरा में तो वेदोक्त गायत्री भी नहीं जपते हैं। इन लोगोंका शुक्र पश्वाचार है।

राधावल्लभ। शक्तिसंगमतन्त्र में लिखा हैं कि:-

" वैष्णवाचारनिरतो विष्णुमन्त्रैकपारगः।
अनन्यचेताः शान्तात्मा विष्णुचिन्हपरायणः ॥

श्री राधावल्लभो देवि ···। "

ये राधावल्लभ लोग राधाकृष्णका उपासना करते हैं, और दिव्यपशुभाव से उपासना करते हैं।

(२) गोकुलेश शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा है कि:—

" ········ गोकुलेशं श्रृणु प्रिये।

नानाभरणसंपन्नो नाना सौगन्ध्य भूषितः॥
सर्वांकुलं श्रीगणतः कलिकृष्ण स्वरूप धृक् ॥
शरीरमर्थं प्राणांश्च तन्निवेदन कारकः।
अन्तः शक्तिपरादेवि बहिर्वैष्णवरूपधृक् ॥
गन्धर्वाचारनिरतो लतावेष्टित तत्परः।
संप्रदायो गोकुलेशः सर्वसिद्धिकरो भुवि ॥"

इस गोकुलेश मतमें सकल राजसी ठांटसें और कौलाचार स पंचमकार प्रयोग करके उपासना होगा। " लतावेष्टित तत्परः " इसपदसे पंचमकारका प्रयोग और कौलिकाचारका संकेत है। इसपदका मतलबहै कुलसन्ध्या यह विधि अत्यन्त गोप्य होनेके कारण मैं यहाँ नहीं ले सकुंगा कौलिक लोग स्वयं ही समझलेंगे। विना मकार कुलसन्ध्याविधि नहीं हो सकती। फिर " गन्धर्वाचारनिरतो " यहपद राजसी ठाँटका सूचक और उपास्य देवता गोपालसुन्दरी हैं। ऊर्ध्वाम्नायसे उपसना होगी। गन्धर्वक्रमके विषयमें पुरश्चर्यार्णव का पृष्ठ ८४७ में लिखा हैकि:-

"गन्धर्वाख्यक्रमेणैवे सुन्दरी सिद्धिदायिनी।
गन्धर्वाख्यक्रमो देवि कथ्यते श्रृणु सन्निहितम् ॥
भ्रूमध्ये कुंकुम देवि तन्मध्ये मलयागुरू।
अष्टगन्ध त्रिपुंड्रस्य मध्येकस्तूरि कान्वितम् ॥
सुगन्धिश्वेतलोहित्यपुष्पैः संभूषितो नरः।
अष्टगन्धस्य धूपेन नानासौगन्ध्यभूषितः ॥
रक्तमाल्याम्बरधरो मुक्ताहारोपशोभितः।
पूर्णाभिषिक्ते शिरसि तेनतत्र नमुण्डनम् ॥
सदा चोष्णोदकैः स्नायात् तदभावे यथोदकैः।
गृहं चित्रैरतु संचित्रं दर्पणोदरसन्निभम् ॥
वितानध्वजभूषाढ्यं घण्टा नादोपशोभितम्।
पंचयादित्रसंयुक्तं नानाघोषसमन्वितम् ॥
अन्तः सूदमाम्बरैर्युक्तं स्वर्णपात्रादि रञ्जितम्।
ग्रैवेयवलयाङ्गुल्य भूषणैर्भूषितः सदा ॥
नानामधुरभोज्यैश्च दुग्धपानैरनेककैः।
नानाभोगेन युक्तोऽयं गन्धर्वाख्यक्रमो भवेत् ॥ "

(४) वृन्दावनी शक्तिसंगमतन्त्र में लिखा है कि:—

" विगताशः प्रसन्नात्मा विष्णुभक्तिपरायणः ।
कामिनीसङ्गचपलो वनक्रीडा विनोदधृक् ॥
सौगन्ध्यभूषिततनुः स्त्रीध्यानैकपरायणः ।
विष्णुसारूप्यतत्वज्ञः प्रोक्तो वृन्दावनी शिवे ॥"

यह वृन्दावनी मतमें प्रकृतिर्विष्णु यानी वंशीधर द्विभुज-कृष्णका उपासना दिव्य पशुभाव से होती है। पूर्वोक्त गोकुलेश, राधावल्लभ और यह वृन्दावनी इन ३ मतों से मिश्रित कर किसी किसी ने " राधा कृष्ण " नामक झंडापंडा मत निकाला है। इस मतका मैं अनभिज्ञ होनेके कारण इस के विषयमें मैं कुछ भी नहीं लिखसकता हूं। प्रकृतिर्विष्णु के विषयमै महाकाल संहितामें लिखा है कि:—

" स्त्रीणां त्रैलोक्यजातानां कामोन्मादैकहेतवे ।
वंशीधरः कृष्णदेवः प्रकृतिर्विष्णुरूच्यते ॥
उभयोर्मेलनाद्देवि शिवशक्तिर्हि गीयते ।"

फिर शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा हैं कि:—

" कदाचिदाद्या ललिता पूंरूपा कृष्णविग्रहा ॥
लोकसंमोहनार्थाय स्वरूपं बिभ्रति परम् ॥
वेणुनादसमारम्भसर्वसंमोहनक्षमम् ।
कदाचिदाद्या श्रीकाली शैवताराऽस्ति पार्वती ॥
कदाचिदाद्या श्रीतारा पुंरुपा रामविग्रहा ।
रावणस्य वधार्थाय देवानां स्थापनायच ॥
दैत्यसंहरणार्थाय पुंरूपं बिभ्रती परम् ।

आद्या तारा महाशक्तिः सैव काली महेश्वरी ॥
या महा वैष्णवी माया सा महा सुन्दरी मता ।
नैव स्त्री न पुमानेषा नैव चापि नपुंसकम् ॥
यद्यच्छरीरमाधत्ते युज्यते तेन तेन सा " ।

(५) पंचरात्र। इस विषयमें शक्ति संगमतन्त्रः में लिखा हैकि:-

" पञ्चरात्रव्रतं प्राप्ता पञ्चरात्राः प्रकीर्तिताः ।
दिनपञ्चकपर्यन्तं शैवानाम त्रिलोचनाः ॥

यह मततो श्लोक से ही स्पष्ट हुवाहै । पंचरात्र है दिनु पंचक। इसमें शुष्क पशुभाव से उपासना होगी।

(६) वीर वैष्णव। इस विषयमें गोपालपद्धतिमें लिखा हैकि:-

कायेन मनसा वाचा भजते विष्णुमेव यः।
स वीर वैष्णवः प्रोक्तो देवतान्तरानन्दकः ॥
चराचरमिदं विश्वं जानन्नारायणात्मकम् ।
कंचिन्न द्वेष्टि यः सोऽयमुत्तमा वीरवैष्णवः॥

यह मत तो श्लोक सेही स्पष्ट हुवाहै। परन्तु येलोग किस भाव से उपासना करते हैं वह मैं नहीं जानताहूँ। शायसः यति लोगों में यह मत मिलती हैं।

(७) रामानन्दी। इस विषय मे गोपालपद्धति में लिखाहैंकि:-

हृदयाम्भोजमध्यस्थे श्रीरामे परमात्मनी ।
आनन्दं भजते यस्तु रामानन्दी सउच्यते ॥

यह लोग शुष्कपाशवकल्पसें कट्टरवनके उपासना करते है। भाषामें इनलोगोंको वैरागी भी कहते है। गुरु

है कि कोई-कोई यह मत वीरकल्प और कुलकल्पसे भी उपासना करते है। परन्तु इसविषयमें मेरेको कुछभी मालुम नहीं है।

(८) हरिव्यासी इसविषयमें शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखाहै कि:-

'पाप संहरणाशक्तो विष्णुभक्तो जितेन्द्रियः।
यमादि नियमैर्युक्तो युक्ताचार परायणः॥
सोपयोगफलग्राही परकार्यपरायणः ।
हरिव्यासी महेशानि शिवशक्तिस्वरूपधृक् ॥"

इनलोगोंकोभी पाशवकल्पोक्त यम नियममें खुब ध्यान देकर उपासना करना चाहिये ।

(६) निम्बार्क। इस विषयमें शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा हैकि:-

" नित्यार्चनकमाशक्तः स्वतन्त्रैकपरायणः।
बाह्यपूजादिनिरतोऽनन्य भक्तः प्रसन्नधीः॥
आर्यपक्षान्वितः स्वच्छः स्वच्छन्दाचारतत्परः।
स्वतन्त्रः स्मार्तविद्वेषी निम्बार्को भगवान् हरिः ॥

ये लोग केवल वेदके सिवाय स्मृति और पुराण बिलकुल नहीं मानते हैं। और आर्द्र पाशव कल्पसे उपासना करते हैं

(१०) भागवत। इसमत के विषयमें शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा है कि:—

विष्णु भक्तैकनिपुणो विजितात्मा प्रसन्नधीः।
स्मार्त गर्वान्वितो देवि तदन्याचार तत्परः ॥
केवलं विष्णुभक्तिज्ञः प्रोक्तो भागवतः शिवे ॥"

ये लोग स्मृति और पुराणके आधार पर चलते हैं। श्रीमद्भागवतका एकादशस्कन्धमें भागवत मत के विषयमें लिखा है कि:—

" सर्व भूतेषु यः पश्येद् भगवद्भाव मात्मनः।
भूतानि भगवत्यात्मन्येष भागवतोत्तमः॥"

इस भागवतमें भी दो भेदहैं । उत्तम भागवत और प्राकृत भागवत । ये दोनो का लक्षण श्रीमद्भागवतके एकादशस्कन्ध में इसप्रकार लिखा है कि:—

१. " गृहीत्वाऽपीन्द्रियैरर्थान यो नद्वेष्टि न हृष्यति।
विष्णोर्मायामिदं पश्येत् सवै भागवतोत्तमः॥"
२. " अर्चाया मेव हरये पूजां यः श्रद्धयेहते ।
नतद्भक्तेषु चान्येषु स भक्तः प्राकृतः स्मृतः॥"

वैष्णवों के यही १० भेद हैं। वैष्णवों का श्रेयस्कर पाशव कल्पही है। यह पाशव कल्पका आचार क्याहै इस विषयमें भावचूड़ामणि में लिखा है कि:—

' पशुभावं प्रवक्ष्यामि श्रृणुवत्स समाहितः।
यथाविधि पशोर्विद्यां गृहीत्वा भावतत्परः॥
प्रथमं पूर्व सेवार्थं यत्नतः शुद्धिमाचरेत।
नमस्य भोजनं कुर्यान् नस्त्रियं मनसा स्मरेत्॥
नपरद्रव्यलोभीस्याद्म भोगे मानसं भजेत्।
सिन्धुतीरे पर्वते वा कानने च शुरालये ॥
बिल्वमूले विविक्ते च पुण्यक्षेत्रे च शोभने।

न म्लेच्छदर्शनं कुर्यात् कौटिल्यं यत्नतस्त्यजेत् ॥
देवता शुभवर्णातु ध्यातव्या सुसमाहितैः॥
त्रिसन्ध्यं देवपूजातु त्रिसन्ध्यं जपमाचरेत्।
रात्रौ मन्त्रंचमालाश्च स्पृशेन्नैव कदाचन॥
नमंत्र मुच्चरेद् भुक्त्वा मौनी स्यात्सर्व कर्मसु॥
पूर्वकाले स्त्रियं नैव गच्छेत्साधक सत्तमः।
पुष्पं गन्धं जलंचैव स्वयमानीय पूजयेत ॥
मैथुनं तत्कथालापं तद्गोष्ठीं परिवर्जयेत्।
ऋतुकालं विना चापि न गच्छेत् स्त्रियमादरात्॥
पुराणश्रवणे श्रद्धा वेदवेदार्थ तत्परः।
नरात्रौ भोजयेद्विद्वान् ताम्बूलं परमेश्वर ॥
गुरुणा यद्यदादिष्टं तत्सर्वं यत्नतश्चरेत् ॥
स्वजातकुशुमं चैव हेतुद्रव्यं च भैरवम्।
स्पृष्ट्वा तथा समाघ्राय पञ्चगव्येन शुध्यति॥
रक्तवस्त्रं न गृह्णियाद्देवी भक्तिपरायणः।
विष्णुतन्त्रेषु कल्पाणि तदनुष्ठान मेवच॥
कार्यंवीरकथालापं न कुर्याद् वीरवन्दिते।
नित्यश्राद्धं गयाश्राद्धं सन्ध्या वन्दनमेवच॥
तीर्थस्नानं पीठदेशगमनं धर्म तत्परः॥

फिर मेरुतन्त्रमें लिखा है कि:—

"देवस्थाने गुरुस्थाने श्मशाने च चतुस्पथे।
पादुकासन विण्मूत्रमैथुनानि विवर्जयेत् ॥
प्रमत्तामन्त्यजां कन्यां पुष्पितां पतितस्तनीम्।

विरूपां वामुक्तकेशीं कामार्तां च ननिन्दयेत्॥
कन्यायोनौ पशुक्रीडां दिग्वस्त्रां प्रकटस्तनीम्।
नालोकयेत् परद्रव्यं परदारांश्च वर्जयेत्॥
अन्यगोगुरुदेवाग्निकुशपुस्तकसंमुखम्।
नैव प्रसारयेत् पादौन चैतानि विलंघयेत्॥
आलस्यमदसंमोहशापपैशून्यविग्रहान्॥
असूया मात्मसन्मानं परनिन्दाश्च वर्जयेत्॥"

पाशव कल्पमें ऐसे नियम के साथ चलना अत्यावश्यक है। फिर नियमसे अतिरिक्त सिद्धि कैसी हो सकी। और इस नियम में रहना कलिकालमें बड़ा ही कठीन हैं, फिर त्याग और वैराग्य मिलना तो असंभव जैसा है। इस लिये श्रीशंकरजी ने रुद्रयामल तन्त्रमें बताया है कि:—

कृते श्रुत्युक्तमार्गः स्यात् त्रेतायां स्मृति भाषितः।
द्वापरे वै पुराणोक्तः कलावागम संभवः ॥

इसलिये जो लोग वैष्णव पथानुयायी हैं और त्याग और वैराग्य प्राप्त नहीं करसके तो वेलोग मन्त्र, देवता और गुरुओं के दोष न देवें। वह निजी ही दोष है क्योंकि वह कलि के प्रभाव से शास्त्रोक्त नियम की पूरी पालना नहीं करसके। तथापि हतचित्त नहोके विहंगम मार्गका आशा छोडकर पिपिलिका मार्गका अनुयायी बनें। पिपिलिका मार्गके विषयमें आगममें लिखा है कि "अनेक जन्म संसिद्ध स्ततो याति परां गतिम्।" इसलिए मुमुक्षु वैष्णव जो पिपिलिका मार्गमें चलने को कृतनिश्चय होगया है वह जिस अवतारका विष्णु-

का दीक्षा ग्रहण किया है उसी रूपका ऐक्य जो महाविद्या है (मुण्डमाला तन्त्रोक्त वचन दश महाविद्या के साथ विष्णुका दशावतारका ऐक्य का पूर्व ही देखुका हूँ) वही महाविद्याके दीक्षा लेकर वीरभावमें अवलंबन करसकता। यदि केवल विष्णुका दीक्षा है तो शैवमार्ग में अवलंबन करें। यदि श्रीकृष्ण किसीका इष्ट देव है तो वह दक्षिणकालीका दीक्षा ग्रहण कर वीरबनें। अथवा गोपाल पद्धत्युक्त गोपालक्रम से गोपालसुन्दरी (सुन्दरी गोपाल) का दीक्षा लेकर कौल भावमें आरूढ़ हो सकता है। वीरभावके विषयमें भाव चूडामणिमें लिखा है किः—

" यद्देशे विद्यते वीरस्तत्कुलं वाऽपि भैरव।
नचमारीभयं तत्र नचराजभयादिकम् ॥
सुमंगलं सदा तत्र धनपुत्रविवर्धनम्।
लक्ष्मीस्तत्र महादेव सुस्थिरा भवति ध्रुवम् ॥
मन्त्रः स्वप्नप्रबोधिन्या अवश्यं वृक्षमूलके।
योजनीयः प्रयत्नेन नचविघ्नः प्रजायते ॥
नान्यवीरस्यत योग्यं ब्रह्मणैर्दैवतैरपि।
यागिनीभिने लुप्तंच तन्न पापेनलिप्यते ॥
यत्र तत्र कुजे वारे श्मशानगमने कृते।
पूजाफलं भवेत् तत्र सप्तवासर सम्मितम् ॥
चतुर्दश्यां गतेतत्र पक्ष पूजाफलं लभेत्।
न गच्छेन्नार्यंतः स्थाने पशुरेव न संशयः ॥
नास्त्यस्माद्धिकं देव इति चिन्तापरायणः।
मद्येन द्रव्यभोक्ता च भवेत् कुलपरायणः ॥

साधके क्षोभमापन्ने मम क्षोभः प्रजायते।
तस्मात्पत्नी वीरवरो भवेद्भोगयुतः सुखी ॥
भोगेन मोक्षमाप्नोति भोगेन कुलसाधनम्।
विना हेतुमना स्याद्य क्षाभयुक्तो महेश्वर ॥
न पूजा मम संपर्क न ध्यानमनुचिन्तनम्।
तस्माद्भुक्त्वा च पीत्वा च पूजयेत् परमेश्वरीम् ॥
नात्रप्रच्युति दोषोऽस्ति नापरं दोषभूषणम्।
यद्यत्करोति निद्राति यत् करोति यदर्चति ॥
तत्सर्वं कुलरूपंच ध्यात्वा च विहरेत् सुखी।
एकाकी निर्जने देशे श्मशाने पर्वते वने ॥
शून्य गेहे नदीतीरे निः सङ्गो विहरेन्मुदा।
वीराणां जपकालस्तु सर्वकालः प्रशस्यते ॥
सर्वदेशे सर्वपीठे कर्तव्यं च न संशयः ॥ "

(वीरभाव और दिव्यभावमें विशेष भेद नहीं है। वाममार्गी लोग केवल वीरभावसे ही उपासना करते है और दक्षमार्गी केवल पशुभावसे ही उपासना करते हैं। परन्तु दिव्यभावसे उपासना कौलाचारसे ही हो सकती है अन्तः और बहीर्क्रिया दोनों ही को केवल कौलाचारही साथ साथ ले सकते है। दिव्यभाव के आचार वीरभावका आचार जैसा ही है केवल हस्तक्रिया में पूर्वोक्त वचनानुसार " दक्षवामक्रिया युक्तः कौलश्चो भयमिश्रितः। " भेदस्पष्ट मालूम होता है कि दिव्यभाव कौलों का भाव है। दिव्यभाव और वीरभाव के लक्षण का भेद के विषयमें भावचूडामणिमें लिखा है किः—

" दिव्य वीरेन भेदोऽस्ति यद्भेदं तत् तु कथ्यते ।
शान्तो विनीतो मधुरः कलालावण्यसंयुतः ॥
दिव्यस्तु देववत् प्रायो वीरश्चोद्धतमानसः ॥ "

"देववत्" का मतलब ही है मनोभाव ठीक रखना । विशेपतः दिव्यभावके विषयमें वही भावचूडामणिमें ही लिखा है किः—

" प्रथमो दिव्यभावस्तु कथ्यते श्रृणु सादरम् ।
यद्वर्णंदेवता यत्र तत्तेजः पुञ्जपूरितम् ॥
तेजोमयं जगत्सर्वं विभाव्यं मूर्तिकल्पनम् ।
तत्तन्मूर्तिमये मन्त्रे स्वेन स्वेनैव वा पुनः ॥
आत्मानं तन्मयं दृष्ट्वा सर्वभावं तथैवच ।
तत्सर्वं योषिति ध्यात्वा चिन्तये द्यतमानसः ॥
अशेष कुलसंपन्ना नानाजाति समुद्भवा ।
नानादेशोद्भवा वाऽपि गुणलावण्यसंयुता ॥
द्वितीय वत्सराद्ध्र्वं यावत्स्यादष्टमाब्दकम् ।
तावत् कुमारी विज्ञेया मन्त्रयन्त्रफलप्रदा ॥
कुमारी पूजना च्चैव कुमारी भोजनादपि ॥
एकद्वित्र्यादिवीजानां फलदा नात्र संशयः ।
ताभ्यः पुष्पं फलं वाऽपि अनुलेपादिकं तथा ॥
वलि प्रियंच नैवेद्यं दत्वा तद्भावपूरितः ।
दत्वा तदङ्ग आत्मानं वलि भावे विचेष्टितम् ॥
ताभिः प्रायः कथालापं क्रीडा कौतूहलादिकम् ।
यथा तथा तत्प्रियकृत् कृत्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ॥

तस्मात् षोडशपर्यन्त युवतीति प्रचक्ष्यते ॥
तत्र भावप्रकाशश्चेत् सद्भावः परमो मतः ।
दूषितव्याः प्रयत्नेन अज्ञातास्ता नकारयेत् ॥
एतते कथितो देव दिव्यभावः सुखावहः ।
नदेयो यस्य कस्यापि पशो गोप्यः प्रयत्नतः ॥"

फिर भावके विषयमें बृहद्वडवानल तन्त्रमें लिखा हैकिः—

" भावस्तु त्रिविधो देवि दिव्यवीर पशुत्रयम् ।
नभावेन विनादेवि तन्त्रमन्त्राः फल प्रदाः ॥
कौलानां दिव्यभावोऽस्तु वीरभावोऽस्तु वामिनाम् ।
पशुभावोऽस्तु देवेशि दक्षमार्गाभि गामिनाम् ॥ "

अस्तु अब मैं प्रथम शैवोंका भेदका यथाज्ञान वर्णन करता हूं ! तत्पश्चात् फिर यह भाव और आचारों के विषय में कुछ कुछ लिखूँगा ।

शैवोंका भेद ७ प्रकारका होता है। इस विषयमें शक्ति संगम तन्त्रमें लिखा है। किः—

" शिखी मुण्डी जटी चैव द्विश्रिदण्डी क्रमेणच ।
एकदण्डो महेशानि वीरशैवस्तथैवच ।
सप्त पाशुपताः प्रोक्ताः ॥ "

(१) अथ सबसे प्रथम शिखी का वर्णन शक्ति संगम तन्त्रमें इस प्रकार लिखा है किः—

" अथ पाशुपतानां च लक्षणं शृणु पार्वति ।
शिखी पाशुपतो देवि शिखासूत्र धरः शुभः ॥
समाधि नत्परो देवि समाधौ शिवपोठ धृक् ।
रुद्राक्षं च तथा भस्म लिङ्गं शैवाऽभिदं प्रिये ॥
प्रशान्तात्मा शान्तचित्तो ब्रह्मचारी प्रकीर्तितः ॥ "
मतं श्रीबिन्दु मालिन्याः समाश्रित्य प्रतिष्ठितः ॥"

यह मत द्विजके शिवाय शूद्रादिकेलिये नही हैं । खास करके ब्रह्मचर्याश्रम के लिये द्विजों को पशुभावसे उपासना करने को कहा है । परन्तु बहुतसे गृहस्थाश्रमी द्विज और उनकी भार्यायें भी यह मत ग्रहण करते हैं । कहाँ का किस वचन प्रमाण से वे लोग इसमतको अपनाते हैं । वह मेरेको मालूम नहीं है । इसलिये मैं उसका प्रमाण नहीं देसकता हूं ।

(२) मुण्डी शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा है किः—

" मुण्डी त्रिशद्विधो देवि तारासूक्ते प्रकाशितः ।
तत्र पाशुपताचार संपन्नो मुण्डितो भवेत् ॥

इन मुण्डीलोगोंमें ३० भेद हैं वहसब शिखासूत्र परित्याग-करनेवाले यतिलोगहैं ।

(३) जटी का लक्षण शक्तिसंगमतन्त्र में लिखा हैं किः—

" त्रिजटैक जटाधारी तथा चक्रजटाधरः ।
नग्नस्तपस्वी शान्तात्मा देहक्लेशपरायणः ॥
कर्मत्रितयसंपन्नो जटी पाशुपतः स्मृतः ॥ "

(४) द्विदण्डी के लक्षण वही शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा है कि-

" द्विदण्डी तु महेशानि वाङ्मनो दण्ड संयुतः ॥

येलोग सब अन्तर्याग वाले हैं । आर्द्र और दिव्यपशुभाव से उपासना करते हैं ।

(५) त्रिदण्डी के लक्षण शक्तिसंगमतन्त्र में लिखा हैकिः-

" कायवाङ् मनसां दण्डी, त्रिदण्डी परिकीर्तित " ॥

ये लोग भी अन्तर्याग वाले है । आर्द्र और दिव्यपशुभावसे उपासना करते हैं ।

(६) एकदण्डी के लक्षण शक्ति संगम तन्त्रमें लिखा हैकिः-

" मनोमात्रस्य दण्डोयः एकदण्डी-प्रकिर्तितः ॥ "

ये लोग वीरभाव तथा दिव्यपशुभावसे केवल भक्ति योगसे उपासना करते हैं ।

(७) वीरशैव के लक्षण शक्तिसंगमतन्त्र में लिखा है किः-

-" केवलं शिवसंपन्नः स्वस्य देवस्य निन्दकः ।
वीरशैव इति ख्यातः ··· ··· ··· ॥ "

ये लोग शुष्कपाशवकल्पसे उपासना कर सकते हैं, परन्तु पाशुपतत्रय ग्रहण करनेवाले में से कोई पशु तथा कोई कौलहोते हैं। वैष्णव लोग शैवमत ग्रहणकर सकते हैं । क्यों कि शिव और विष्णुका ऐक्य है । इस विषयमें शक्तिसंगमतन्त्रमें लिखा है किः—

" एक स्मिन् समये पूर्वं विष्णुरूपावुभावपि ।
विष्णु स्वरूपसिद्ध्यर्थं तपस्तेपे हरःस्वयम् ॥

शिवस्वरूपसिद्ध्यर्थं तपस्तेपे हरिः स्वयम् ।
षड्वृन्द युगसंख्यातमुमो तपःपरौ शिवे ॥"

फिर रुद्रयामल तन्त्रमें भी पंचदेवोंका ऐक्य बताया है कि:-

"गणेशार्कहरीशानां दुर्गारूप सरस्वती ।
महाश्यामा महाविद्या पूजनीया यथा क्रमम् ॥
नकुर्यादृ भेदमेतेषां कौलिको वैष्ण वस्तथा ।
गणेशार्कहरि शानदुर्गाणां परमार्थवित् ॥
पूजयेदैक्य भावेन देवीं भक्तश्च बुद्धिमान् ।
देवीचक्रेऽर्चयेत् सर्वान् शिवलिङ्गेऽथ वाशिवे ॥
शालग्रामशिलायां वा सूर्यपीठेऽथ वा शिवे ।
श्रीगणेश्वर चक्रेवा नभेदं कारयेत् सुधी ॥
भेदं वै कुरुते यस्तु स शैव शिवहा भवेत ॥"

ऐसा है तो भी वैष्णव दर्शनसे शैवदर्शन उच्च श्रेणी के होनेके कारण वैष्णव शैव बन सकता है, परन्तु शैव वैष्णव नहीं बन सकता । यह श्रेणीयों के विषयमें मेरुतन्त्रमें लिखा है कि:—

"सर्वेषामुत्तमो वेदो वेदाद्वैष्णवमुत्तमम् ।
वैष्णवादुत्तमः शैवं शैवादक्षिणमुत्तमम् ॥
दक्षिणादुत्तमं वामं वामात् सिद्धान्तमुत्तमम् ।
सिद्धान्तादुत्तमं कौलं कौलात् परतरंनहि ॥"

पिप्पिलिका मार्गका क्रम है। यहां वेद पदसे त्याग और वैराग्य रहित वक वेदान्तियोंका वेदान्त दर्शनका सूचक है।

...भगा प्रथम वेदमाता गायत्री उपनयनमें ग्रहण कर उनकी ...पासना करनेकी सूचना है । क्योंकि वैष्णवाचार से लेकर ...ाचार तक सकल चारोंमें ही वैदिक मत परिपूर्ण है वेदके ... आधार से ये सब मतमतान्त निकले है। वेदकेऽनभिज्ञ ...न होना तो अवैदिक बौद्ध मार्ग होजाताथा । पूर्वोक्त श्लोकमें ...क्षिणसे उपर वाम लिखा है तो भी दक्षिण वाम नहीं बन ...कता, और वाम दक्षिण नहीं बन सकता । ये दोनोंही सि...द्धान्ती बनके कौल बनना चाहिए । इस विषयमें मेरुतन्त्र...में लिखा है कि:—

"वाममार्गी यदा दक्षं प्रविशेत्तत्सुरैः सतु ।
विघ्न्यन्ते पिड्यते चापि नसिद्धि मधिगच्छति ॥
दक्षमार्गी यदा वामं प्रविशेत्तत्सुरास्तथा ।
लोकद्वयाद्धापयन्ति तं प्रसन्ति च वामिनम् ॥
तस्मात् स्वकुलमार्गं तु ज्ञात्वा कुर्यादुपासनम् ॥"

अब किस किस आम्नायमें किस किस मार्ग से उपासना करनी चाहिये । इस विषयमें चड्वानलतन्त्रमें लिखा है कि:-

"पूर्वाम्नाये दक्षमार्गो वामः स्यात् पश्चिमे परे ।
दक्षिणोत्तरयोरूर्ध्व मार्गौ तौ वामदक्षिणौ ॥
विहाय सर्वं सर्वत्र कौलमार्गः प्रशस्यते ॥'

इसका अभिप्राय यह है कि पूर्वाम्नायमें दक्षिणाचार से, पश्चिमाम्नायमें वामाचार से, फिर दक्षिणाम्नायमें उत्तराम्नायसे और ऊर्ध्वाम्नायमें वाममार्ग अथवा दक्षिणमार्ग दो में से एक से उपासना किया करें। सकल ही आम्नायों में

कौलमार्ग से उपासना हो सकती है। फिर किस किस आम्ना-यमें उपासना करनेका फल क्या क्या होगा इस विषयमें मेरु तन्त्र में लिखा है कि:-

दक्षिणोपासकः कालो ऊर्ध्वः सायुज्यमाप्नुयात् ।
देवतायास्तथा पूर्वः सारूप्यं लभते परम् ॥
सामीप्यं चोत्तरो लोके पश्चिमस्तद्वे द्विफं फलम् ।
लाभस्त्यागश्चोपकारो ह्यधोमार्गोऽप्युदर्कयुक् ॥"

यहाँ "काल" पद महाकालस्वरूपी शिवका सूचक है। क्यों कि एक आगम वचन है कि:-

"पञ्च लक्षण संयुक्तो ब्राह्मणः काल एव सः।"

यहाँ भी "काल" का अर्थ शिव में ही घटादिया है। फिर दूसरे आगम में लिखा है कि:—

"यत्प्रसादादहंत्वं च जातः काल इवाऽपरः।"

यथार्थ उपासक के मनका संकल्प किस प्रकारका होना चाहिये इस विषयमें सिद्धान्तसार तन्त्रमें लिखा है कि:—

"निन्दन्तु बान्धवाः सर्वे त्यजन्तु स्त्रीसुतादयः ।
जना हसन्तु मां दृष्ट्वा राजानो दण्डयन्तु वा ॥
रोगदारिद्य दुःखार्तः पीड़ितोऽप्यनिशं त्वहम् ।
लक्ष्मी स्तिष्ठतु वा यातु न मुञ्चामि पदं त्विदम् ॥
एवं यस्य दृढा भक्तिः स भक्तः सिद्धिमाप्नुयात् ॥"

अब एक याद रखने की बात है कि कौलों का कुलमार्ग का कल्पका कुलकल्प और आचारका कुलाचार कहते हैं।

यदि "कुल" पदके आगे "स्व" अथवा "निज" पद रह-जाएगा तो अपने पितृपरंपरागत का अर्थ समझा जाएगा। जैसाकि "कुलधर्म"। इसका अर्थ है कौलिक का धर्म, फिर "स्वकुलधर्म" इसका अर्थ है अपने अपने पितृपरंपरागत धर्म। इसके विषयमें बहुतसा भ्रम होता है। कुल या कुलस्त्री है कुण्डलिनी शक्ति, अकुल या कुलगुरु है सहस्रारस्थ पर-शिव कुलदेवी है सच्चैतन्य शक्ति (Will power) कुण्डलीका आरोहावरोह क्रमको कुलाकुल क्रम भी कहते हैं। अब मैं (दक्षिणाचार, वामाचार और कौलाचार या कुलाचार) आचार त्रय विषयका आगम वचन देदूंगा उससे पाठक वर्गों को यह सब विदित होगा। रुद्रयामल तन्त्र में लिखा हैं कि:--

"प्रथमो दक्षिणाचारो वामाचारो द्वितीयकः ।
तृतीयस्तु कुलाचारो विधिं तेषां शृणुप्रिये ॥

१. दक्षिणाचार-प्रभाते स्नानसंध्यादि मध्यान्हे जपमीश्वरि ।
और्णमासनमातमार्थं भक्तं पायसशर्करम् ॥
माला रूद्राक्षसंभूता पात्रं पाषाणसं भवम् ।
भोगः स्वक्रियकान्ताभिर्दक्षिणाचार इत्ययम् ॥

२. वामाचारः-वामाचारं प्रवक्ष्यामि श्रीदुर्गासाधनं परम् ।
यंविधायकलौ शीघ्रं मान्त्रिकः सिद्धिभाग् भवेत् ॥
माला नृदन्तसंभूता पात्रं कापालमुण्डकम् ।
आसनं सिद्धचर्मादि कङ्कणं स्त्रीकचोद्भवम् ॥
द्रव्यमासवतत्वाख्यं भक्तं मांसादिकं शिवे ।
चामुण्डा कमला चैषा पूर्वोक्तैः षट्कसंज्ञकैः ॥
साद्धं प्रपूज्याःपुरतः हूँ ह्रीँ लूँ वूँ यूँ रूँ क्रमात् ।
चतुश्चरणविद्यानां त्रिकोणे यजनं चरेत् ॥
तत्रैव पूजयेत् पश्चान्नवात्मगुरुमण्डलम् ।
बिन्दौ श्रीकुब्जिका मिष्ट्वा तद्वामे कुब्जिकेश्वरम् ॥
ततोऽष्टदलमध्येषु पूर्वादिक्रमतो यजेत् ॥
असिताङ्गं रुरुं चण्डं क्रोधमुन्मत्तकं तथा ।

कपालीशं भीषणाख्यं ततः संहारभैरवम् ।
तद्वहिः सत्य रजसं तमसं च प्रपूजयेत् ॥
भूद्वारे क्षेत्रपालं च गणेशं वटुकं तथा ।
योगिनीश्च समभ्यर्च्य लोकेशान् वहिरर्चयेत् ॥
ततश्च वाह्यरेखायां ज्वालाक्षं मम्बुकं तथा ।
कबन्धं नन्दनवनं संपूज्य यन्त्ररूपिणीम् ॥
कुब्जिकेश्वर संयुक्तां पूजयेत् कुब्जिकेश्वरीम् ॥ "

कुब्जिका त्रिरत्नविद्या के विषय में पूर्वही लिखचुका हूँ। (भाषा में हम नेपाली लोग इस त्रिरत्नविद्या को 'वत्तिशीत्रय' भी कहते हैं। अतः अघोरकुब्जिका तथा वक्रकुब्जिका समेत त्रिरत्नविद्या को पञ्चरत्नविद्या फिर भाषा में, अघोरवक्रवत्तिशीत्रय ' कहते हैं। आगे जिस क्रम से मन्त्र संग्रह कियाहै उस के विपरीत क्रम से इस आम्नाय में पूजा होती है।)

(जैसे वैदिकमत में महायागों के आरम्भ में नन्दीमुख श्राद्ध सवसे आगे करना पडेगा, वैसे ही तान्त्रिक महायागों—भैरवामृत महायाग, भैरवीचक्र महायाग (केवल भैरवीचक्रयाग और भैरवीचक्रमहायाग में वहुत भेद है। जो पीछे चक्रपूजा के विवरण में वताया जायगा) महापूर्णाभिषेक महायाग तथा मांसाहुति महायाग-इत्यादि— के आरम्भ में कर्म्मकुब्जिका की पूजाकरना अत्यावश्यक है।) उनका ध्यान निम्नलिखित प्रकार है:—

" प्रेतोर्ध्वे वह्निपद्मस्थितवृषहरिणे नीलपञ्चास्यत्र्यक्षे ।
चान्येरक्ते तुवामे कनकइभनिभे मर्कटाभे सुतोर्ध्वे ॥

दक्षे त्रिशूलचक्र ध्वजवरदकरे वामके पारिजातम्।
सूत्रं विद्याऽभयदगजकरः पातुमां कर्म्मदेवः
स्यक्षे नीलाञ्जनाभा ऋतुवदनफला दक्षहस्ते विपक्षा।
वामे पीतांशुकाभा उपदशितजवादक्षहस्ते त्रिशूला ॥
चक्रं वज्रांकुशाढ्या सजफलदधती कर्त्रियामे च मुण्डम् ॥
खट्वाङ्गाघण्टविद्याधनुचवककरी पातुमां कर्म्मकुब्जि ॥"

यह बात तो अनुभव सिद्ध ही है कि कर्मकुब्जिका की पूजा और यथोक्त मन्त्र से उनको कृच्छान्न बलिदेकर कोई भी कार्य करें तो उसकाफल तत्काल और शीघ्र ही होता हैं। उस में भी यदी पश्चिमाम्नाय से ही करें तो ब्रह्मास्त्रवत् तत्काल फल होगा। क्यों कि पूर्व ही लिख चुका हूँ कि "पश्चिमंस्त्वैहिकं फलम्"। ऐहिक फल के लिए पश्चिमाम्नाय के वरावर अन्य कई आम्नाय नहीं है, उसकेवाद दक्षिणाम्नाय है। इसलिए दुर्गा छओं आम्नायों से पूजितविद्या होने के कारण चार ही नवरात्र में (आश्विन शुक्ल, माघ शुक्ल, चैत्र शुक्ल और आषाढ शुक्ल) पाशवकल्पोपाशकों ने दक्षिणाम्नाय से, और वीर तथा कुलकल्पोपाशकों ने पश्चिमाम्नाय से दुर्गापूजा करते हैं अब मैं एक उदाहरण देता हूँ कि। मार्कण्डेय पुराणान्तर्गत सप्तसति स्तोत्र पश्चिमाम्नायात्मक है, इस के ७०० मन्थक वहिरर्थ से तो सुन्दर चरित्रों के वर्णन किये गए है। परन्तु अन्तरर्थ से तो श्रीचण्डिका की सहस्राक्षरी विद्या का उद्धार कियागया है। अतः मेरुतन्त्र में शङ्करजी कहते हैं:—

" सप्तशत्यास्तु सकलं तत्त्वं वेदस्यहमेवहि ।
पार्वतीं श्रीहरिर्वेत्ति व्यस्यार्थं तु प्रजापतिः ॥
व्यासस्तुर्यांशकं वेत्ति कोट्यंशमितरे जना ।"

इसलिए (स्वार्थाप्रफलप्राप्ति के लिए शाक्त, शैव, वैष्णव, गाणपत्य तथा सौर लोग अर्थात् स्मार्त लोग भी सप्तशती स्तोत्र का प्रयोग करते हैं) यह लोक प्रसिद्ध बात है। मेरुतन्त्र में लिखा है।

" कलौ न चण्डीसदृशी सिद्धिदा भुवनत्रये।
वामदक्षिणमार्गाभ्यामधिकारिफलप्रदा ॥ "

पूर्वलिखित वड़वानलतन्त्रोक्त नामावली में कुजालिका नाम जोदिया है, वह समया कुब्जिका ही है, उनका वर्णन पूर्व ही देचुका हूँ। कुब्जिकाविद्या के दो मत हैं, एक शिखा स्वच्छन्दमत और दूसरा नयात्ममत। इनमें से मेरी गुरुपरम्परा में शिखास्वच्छन्दमत होनेके कारण मैं केवल वही जानता हूं। शिखास्वच्छन्द भैरव (कुब्जिकेश्वर) के मन्त्र ध्यानादि इस प्रकार के हैं।

" व्योमशोमपान्तवह्निमुखार्द्धं चन्द्रविन्दुयुक्।
कुजेशाय पदं पश्चात् कूर्चवीजान्वितो मनुः ॥
षडक्षरो महामन्त्रः कुब्जिकेश्वररूपकः ।
षड्दीर्घेनादिकूटेन षडङ्गानि प्रकल्पयेत् ॥ "

अस्य ध्यानम्—
" पंचवक्त्रं दशभुजं त्रिपञ्चनयनोज्वलम् ।
गोक्षीरधवलं पूर्वे दक्षिणे कृष्णसन्निभम् ॥

उत्तरे रक्तवर्णञ्च पश्चिमे कनकप्रभम्।
ऊर्ध्वे च स्फटिकाभासं प्रत्यालीढं सुसंस्थितम् ॥
कपर्दे बालचन्द्रस्थं श्वेताङ्गं सर्पभूषणम्।
नागकुण्डलकुण्डेन्दुगलेहारं च वासुकी ॥
हस्तपादेस्थितं सर्पव्यालयज्ञोपवीतिनम् ।
स्थूलाङ्गे मण्डलाली च व्याघ्रचर्मावृतां कटि ॥
रत्नाभरण भूषाङ्गं डमरुं तर्जनीं मणीम्।
अंकुशं खड्गवरदं सव्यहस्तं धृतायुधम् ॥
वामे खट्वाङ्गपद्मं च नागपाशं तथैव च।
मुंडपात्रधरं देवं द्वात्रिंशन्मन्त्रविग्रहम् ॥
वह्निनाभिस्थिताम्भोजेवृषभासनसंस्थितम् ।
महातेजोमहेशानं सर्वलक्षणसंयुतम् ॥
स्वच्छन्द भैरवं देवं भैरवीसहसंयुतम् ।"

इनको शिखास्वच्छन्दललितेश्वर तथा ललितभैरव भी कहते हैं। पूर्वोक्तनामावली के अनुसार अब मातङ्गी का वर्णन करना था परन्तु वह दक्षिणाम्नाय के विवरण में लिख चुका हूं। उसके बाद अमृतलक्ष्मी का वर्णन करना था परन्तु मेरी गुरुपरम्परा में यह विद्या नहीं है, इनके बदले राजलक्ष्मीविद्या तथा सिद्धलक्ष्मीविद्या जानता हूं। इन दोनों ही का पश्चिमाम्नाय से उपासना होता है। यह पश्चिमाम्नायविद्यायें ऐहिक फल दायक होनेके कारण शंकरजीने कूटप्रकार से मन्त्रोद्धारादि करदिया है। फिर इसके विवरण में जगह जगह पर केवल संकेत दिया है कि जो गुरुमुख से ही जाननेकी परम्परा अद्यापि चलरही है। वडवानलतन्त्रोक्त "अमृतलक्ष्म्याद्याः" ऐसा

जो लिखा है, इसमें "आदि" शब्द से पश्चिमाम्नाय की अन्य विद्याओं की सूचना दी गई है। उनमें जो जो विद्या मुझे मालूम है, वह लिखता हूँ। राजलक्ष्मी के विषय में स्वतन्त्र तन्त्र में ऐसा लिखा है:-

" रसाचरस्वैरम्बु स्याद्धाताग्नी तदनन्तरम्।
राज्यदे राज्यलक्ष्मीति हृन्माया व्युत्क्रमात् त्रयम् ॥
विद्यासौ राज्यलक्ष्म्यास्तु षोडशार्णा समीरिता ॥ "

यह सिद्धमन्त्र होने के कारण इस के न्यासादि नहीं हैं। राजलक्ष्मी का ध्यान ऐसा है:-

" इन्द्रनीलनिभां रक्तवसनाभरणोज्ज्वलाम् ।
प्रलम्बवेणी सन्नद्धसौगन्धिकसमुज्ज्वलाम् ॥
तत्क्लृप्तमुंडमालां च मुक्तास्तवकशोभिताम् ।
ऊर्मिकावीरकटकनूपुरैर्मण्डितांघ्रिकाम् ॥
वादयन्तीं सदावीणां स्वसमानाङ्गनाजनैः।
स्तूयमानां च परितो ध्यायेद्देवीं शुचिस्मिताम् ॥
ध्यात्वा तां विजयाविद्यां जपेन्नित्यं च पूजयेत्।
राज्यं प्रयच्छति प्रीता साधकायाविलम्बितम् ॥ "

सिद्धलक्ष्मी का मन्त्र इसप्रकार का है:-

" ज्यासकदाहवह्निस्वाग्नभो हंसो मरुद्यतः।
चण्डतेजश्च संकर्षवर्णाः स्युस्तदनन्तरम् ॥
व्योमाग्न्या कालिमन्थाने वर्णा हंसश्चमायया।
सिद्धलक्ष्म्याश्च विद्येयं प्रोक्ता सप्तदशाक्षरी ॥

आदौ न कृत्वा चाङ्गानि जपेद्विद्यां तु नित्यशः ।
प्रातः सहस्रवारं तु तर्पयेत्तद्दशांशकम् ॥ "

अस्या ध्यानम्-

" शतशीर्षां त्रिनयनां प्रतिवक्त्रभयानकाम् ।
हस्तद्विशतसंयुक्तां स्वसमाकारशक्तिभिः ॥
वृतामनन्तहस्तेषु साधकाभीष्ट हेतिकाम् ॥ "

(महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती समष्टिरूपिणी त्रिशक्त्या-त्मिका चामुण्डा जो नवार्णमन्त्रात्मिका हैं, ऊर्ध्वाम्नाय की ना-यिका हैं और पश्चिमाम्नाय से वीरों और कौलिकों के लिए तथा दक्षिणाम्नाय से पशुओं के लिए पूजित हैं।) उनके मन्त्र ध्यानादि ऐसे हैं:-

मेरुतन्त्रे—

" वाग्लज्जाकामबीजानि चामुण्डायै पदं वदेत् ।
विच्चे नवार्णमन्त्रोऽयं शक्तिमन्त्रोत्तमोत्तमः ॥ ॥ "
ब्रह्माविष्णुमहेशास्तु मुनयोऽस्य प्रकीर्त्तिताः ।
गायत्र्युष्णिगनुष्टुप् च छन्दस्त्रयमुदीरितम् ॥
देवताऽस्य महाकाली महालक्ष्मीः सरस्वती ।
नन्दाशाकंभरी भीमा शक्तित्रयमुदाहृतम् ॥
तिस्रोऽस्य शक्तयो दुर्गा भ्रामरी रक्तदन्तिका ।
अग्निवायु भगास्तत्वं प्राग्वद्ध्यादिकं न्यसेत् ॥
ततः षडङ्गं कुर्वीत विभक्तैर्मूलवर्णकैः ।
एकेनैकेन चैकेन चतुर्भिर्युग्मकेन च ॥
समस्तेनैव मन्त्रेण कुर्यादङ्गानि षट् क्रमात् ॥

(इ[illegible] बहुत ही गंभीर है [illegible] अवस्था में "[illegible]डायै [illegible] [illegible] जब [illegible] इस अवस्था में [illegible] सिद्ध होगा, [illegible] [illegible] समाप्त होगा, [illegible] त्रिपु[illegible] चामुण्डा [illegible] पूजित होगी। त्रिपुरात्मिका चामुण्डा के विषय में [illegible] में ऐसा लिखा है:-

" नवार्णवामन्त्ररूपां चामुण्डां त्रिपुरात्मिकाम् ।
ह्रीँ क्लीँ ऐँ ॐ बीजरूपां वन्दे देवीं श्रियं पराम् ॥

(इन सब भेदों के ध्यान पृथक् नहीं हैं। अपने अपने गुरुप-रम्परा भेद से कोई महाकाली महालक्ष्मी तथा महासरस्वती का ([illegible]) ही ध्यान करते हैं, फिर कोई निम्नलिखित ध्यान करते हैं, वह ध्यान ऐसा है:—

" यांगाढ्यामरकार्यनिर्गतमहातेजः समुत्पत्तिनी ।
भास्वत्पूर्णशशाङ्कचारुवदना नीलोल्लसद्भ्रूलता ॥
गौरोत्तुङ्गकुचद्वया तदुपरि स्फुर्जत्प्रभामण्डला ।
बन्धूकारुणकाँचकान्तिरचिताच्छ्रीचण्डिका सर्वतः ॥"

(यदि भाग्यवश कोई साधक किसी एक अज्ञात शक्तिपीठ में पहुचजाएगा तो, उस पीठ में चामुण्डा का उपरोक्त नवार्ण मन्त्र से जपपजादि कर सकता है! इस विद्या के रहस्य संकेत मैं इतनाही) देखिका अन्य सब गुरुवक्त्र से ही जानलेना चाहिए। सप्तशतीस्तोत्र इस विद्या का ही अङ्ग होनेके कारण इस विद्या का और सप्तशतीस्तोत्र का रहस्य साथ साथ ही

← Page Blurred In the Book

जानलेना चाहिए । इस विद्या के यन्त्र और आवरणपूजा ऐसे हैं:-
यन्त्रम् (पद्धतौ ;—

" तत्वपत्रावृतं त्र्यस्रषट्कोणाष्टदलान्वितम् ।
चतुरस्रचतुर्द्वारशोभितं यन्त्रमुत्तमम् ॥ "

मेरुतन्त्रे यन्त्रावरणपूजा–

" जयादिशक्तिभिर्युक्ते पीठे देवीं समर्चयेत् ।
एतद्यन्त्रं वृत्तत्र्यस्रषट्कोणाष्टदलान्वितम् ॥
श्रियाच नैरृते विष्णुं वायव्ये तूमया शिवम् ।
विदारयन्तं महिषं प्राक्कोणे मृगपं यजेत् ॥
षट्कोणेषु च पूर्वादौ नन्दजा रक्तदन्तिकाम् ।
शाकम्भरीं तथा दुर्गां भीमां च भ्रामरीं यजेत् ॥
तारस्वबीज पूर्वाश्च ङेन्ता हृदयसंयुताः ।
सर्वासामेव शक्तीनां नाममन्त्रा यतः स्मृताः ॥
ततश्चाष्टदले ब्राह्मीं माहेशीं च कुमारीकाम् ।
वैष्णवीं चापि वाराहीं तथेन्द्राणीं प्रपूजयेत् ॥
चामुण्डामथ तद्बाह्ये चतुर्विंश दलेर्चयेत् ।
विष्णुमायां चेतनां च बुद्धिं निद्रां क्षुधान्तथा ॥
छायां शक्तिपरां तृष्णां क्षान्तिं जातिं तदुत्तरम् ।
लज्जां शान्तिं तथा श्रद्धां कान्तिलक्ष्मीं धृतिं तथा ॥
वृत्तिं स्तुतिं स्मृतिं चापि दयां तुष्टिं ततः परम् ।
पुष्टिं च मातरं भ्रान्तिमर्चयेद् भूपुरंपु च ॥
चतुष्कोणेषु गणपं क्षेत्रेशं वटुकं तथा ।
योगिनीश्च सुरेशाद्यांस्तद्बाह्ये चायुधानि च ॥

(चामुण्डा नाम शक्ति में ३ भेद हैं । अभि उपर जिस चामुण्डाका वर्णन किया है, वह त्रिशक्त्यात्मिका चामुण्डा हैं । दूसरी चामुण्डा मातृकाचामुण्डा हैं ।) उनका विवरण नीचे अष्ट मातृका के विवरण में दिया जाएगा उन का मन्त्र सप्ताक्षरी है, प्रचलित नवार्ण नहीं है । यह मातृका चामुण्डा ६ ही आम्नायों में पूजित हैं । तीसरी चामुण्डा रक्तचामुण्डा हैं । इनको रक्तचामुण्डा भैरवी भी कहते हैं । मतान्तर में इनको केवल रक्तकाली, महात्रिपुरसुन्दरी को प्रपञ्चेश्वरी रक्तकाली तथा सिद्धिलक्ष्मी को श्वेतकाली भी कहते हैं । यह रक्तचामुण्डा का सिद्धमन्त्र होने के कारण इस मे न्यासादि नहीं हैं, मन्त्र ऐसा है । (२०)

" ह्रीँ रक्तचामुण्डां संबोध्य कुरु युग्मं समुच्चरेत् ।
तुरु युग्मं समुच्चार्य स्वाहान्तः षोडशाक्षरः ॥

अस्या ध्यानम्—

" शूलं कृपाणं नृशिरः कपलं दधती करैः ।
मुण्डस्रङ्मण्डिता ध्येया चामुण्डा रक्तविग्रहाः ॥"

(वैसा ही भद्रकाली नाम शक्ति में भी दो भेद हैं । एक विपरीतप्रत्यंगिराभद्रकाली पश्चिमाम्नायात्मिका हैं दुसरी दुर्गाभद्रकाली ६ ओं आम्नायों में पूजित हैं ।) वीपरीतप्रत्यंगिरा भद्रकाली के मन्त्र ध्यानादि इस प्रकार के मेरुतन्त्र में लिखे हैं:–

" अथातः संप्रवक्ष्यामि भद्रकाल्याः परं मनुम् ।
ह्रीँ कालीति महाकाली द्विः किणिः फड्वसुप्रिया ॥

चतुर्दशाक्षरो मन्त्रो भद्रकाल्या उदाहृतः ।
पादैः षड्भिः ज्ञानिनुक्तानि प्रकाशयन् ॥

अस्या ध्यानम्—

" क्षुत्क्षामा कोटराक्षी मसिमलिनमुखी मुक्तकेशी रुदन्ती ।
नाहं तृप्ता वदन्ती जगदखिलमिदं ग्रासमेकं करोमि ॥
हस्ताभ्यां धारयन्ती ज्वलदनलशिखासन्निभं पाशमुग्रं
दन्तैर्जम्बुफलाभैः परिहरतु भयं पातुमां भद्रकाली ॥"

मन्त्रातरं तत्रैव—

" अथ मन्त्रान्तरं वक्ष्ये भद्रकाल्या सुगोपितम् ।
गृध्रकर्णि विरूपाक्षि लम्बस्तनि महोदरि ॥
उत्पादयोत्पादयेति द्विधोपरि पदं भवेत् ।
द्विधावेति पदं हुंफट् स्वाहा सप्ताग्निवर्णकः ॥
पिप्पलादो मुनिः प्रोक्तो निवृच्छन्द उदाहृतम् ।
भद्रकाली देवता स्यादुद्विरुत्पादय हृत् स्मृतम् ॥
उपरिभ्यां शिरः प्रोक्तं वेत्तिभ्यां तु शिखा स्मृता ।
हुंफड्भ्यां कवचं प्रोक्तं स्वाहयास्त्रमुदीरितम् ॥"

मतान्तर में इस मन्त्र का उत्तराम्नाय में भी उपासना होता है ।
इस मन्त्रात्मिका भद्रकाली का ध्यान इस प्रकारका है ।—

अतिरौद्रा महादंष्ट्रा भृशंदीर्घा कृशोदरी ।
सुवृत्तनयना शुभ्रा दीर्घघोणा महानरा ॥
स्निग्ध गम्भीर निर्घोषा नीलजीमूतसन्निभा ।
भृगुच्चघटसंदीप्ता महारदनभीषणा ॥

दंष्ट्रोग्रकोपन प्राप्ती रक्तदीर्घशिरोरुहा ।
त्रिशूलव्यग्रदोर्दण्डा नरकीटपलाशिनी ॥
अतिरक्ताम्बरा देवी रक्तमांसासवप्रिया ।
शिरोमाला विभूषाङ्गी पिबन्ती शोणितासवम् ॥
नृत्यन्ती च हसन्ती च पिशाचगणसेविता ।
पिशाच स्कन्धमारुह्य भ्रमन्ती वसुधातलम् ॥
शङ्करस्य मुखात्पन्ना योगिनी योगवल्लभा ।
इत्थंभूता भद्रकाली मातृभिः परिवारिता ॥"

(अब दुर्गा भद्रकाली की छओं आम्नायों में अपने अपने गुरुपरम्परा के मतानुसार दुर्गाष्टाक्षरमन्त्र वा जयदुर्गामन्त्र अथवा त्रिशत्यात्मिका चामुण्डानवार्ण मन्त्र से पूजा होती है । इस दुर्गा भद्रकाली का ध्यान कालिकापुराण में ऐसा है ।


" योगनिद्रा महामाया जगद्धात्री जगन्मयी ।
भुजैः षोडशभिर्युक्ता भद्रकालीति विश्रुता ॥
क्षीरोदस्योत्तरे तीरे बिभ्रती विपुलां तनुम् ।
अतसीपुष्पवर्णाभा ज्वलत्काञ्चनकुण्डला ॥
जटाजूटमखण्डेन्दुमुकुटत्रयभूषिता ।
नागहारेण सहिता स्वर्णहारविभूषिता ॥
शूलं खड्गं च शंखं च चक्रंबाणं तथैव च ।
शक्तिं वज्रं च दण्डं च नित्यं दक्षिणबाहुभिः ॥
बिभ्रती सततं देवी विकाशिनयनोज्ज्वला ।
खेटकं चर्म चापं च पाशं चांकुशमेव च ॥
घण्टां परशुं मुशलं बिभ्रती वामपाणिभिः ।

सिंहस्था नयनै रक्तवर्णैस्त्रिभिरभिज्ज्वला ॥
शूलेन महिषं भित्वा तिष्ठन्ती परमेश्वरी ॥
वामपादेन चाक्रम्य तत्र देवी जगन्मयी ॥

पश्चिमाम्नाय में शायद अन्य विधाएँ भी हों । परन्तु मुझे इतना ही ज्ञान है। अब इतने में ही यह पटल समाप्त करता हूं। दूसरे पटल में छओं आम्नायों से पूजित देवताओंका यथामति वर्णन करनेका चेष्टा करूँगा।

इति श्री धनशम्शेर वर्म्मणा संग्रहित श्रीतान्त्रिकोपासनादर्पणे पश्चिमाम्नायविवरणन्नाम पञ्चमः पटलः ॥

—॥०॥—



श्री उग्र चण्डा

॥ अथ षष्ठः पटलः ॥

॥ ॐ नमः श्रीपरदेवतायै ॥

(अब इस पटल में कौन कौन देवता छओं आम्नायों में पूजित होते हैं, इस विषय में यथामति लिखता हूँ। परातन्त्र में लिखा है :—

"त्रिशुद्धि उग्रचाण्डा च चण्डा चण्डकपालिका।
अन्नपूर्णा कराली च ज्वालामालिनी कामिनी॥
ब्राह्माद्यामातरगणा असिताङ्गादिभैरवाः।
ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारि वैष्णवि तथा॥
वाराही चैव माहेन्द्री चामुण्डा सप्तमी स्मृता।
अष्टमीच महालक्ष्मी एताः सर्वत्रपूजिताः॥
असितांगो रुरुश्चण्डः क्रोधीशोन्मत्तकस्तथा।
कपाली भीषणाख्यश्च संहारश्चाष्टम स्तथा॥
षडाम्नायप्रपूज्या वै मातृकाः सह भैरवै:॥

फिर महाकालसंहिता में लिखा है:—

" कुलवाला च दुर्गा च सर्वाम्नाय प्रपूजिता।
तयोः पूजातु सर्वत्र नित्यत्वेनाऽभिधीयते॥"

(कुलवाला कुमारी (कन्या) हैं। वह कन्या-पूजा साधक मात्र को विदित ही है। वह छ हों आम्नायों से पूजित होती

हैं। अब दुर्गा के भेदों का वर्णन करता हूँ। सामान्य दुर्गा का महामन्त्र अष्टाक्षरी है। यह मन्त्र शारदातिलक में ऐसा लिखा है:—

" ततो दुर्गामनुं वक्ष्ये दुर्गादुष्कलप्रदम् ।
मायाद्रिः कर्णबीजाढ्यो भूयोऽसौ सर्गवान् भवेत्।
पञ्चान्तकः प्रतिष्ठावान् मारुतो शांतिकासनः ॥
तारादि हृदयान्तोऽयं मन्त्रो वस्वक्षरात्मकः ।
ऋषिश्च नारदश्छन्दो गायत्रं देवता मनोः ॥
दुर्गा समीरिता सद्भिदुरितापन्निवारिणी ।
नमस्कारवियुक्तेन मूलमन्त्रेण साधकः ॥
द्रामाद्यैः सह कुर्वीत षडङ्गानि यथाविधिः । "

अस्या ध्यानम्—

" सिंहस्था शशिशेखरामरकतप्रख्यैश्चतुर्भिर्भुजैः ।
शंखं चक्रधनुःशरांश्च दधतीं नेत्रैस्त्रिभिःशोभिता ॥
आमुक्ताङ्गदहारकङ्कणरणत्काञ्चीरणन्नूपुरा ।
दुर्गा दुर्गतिहारिणी भवतु वो रत्नोल्लसत्कुण्डला ॥ "

बीजरूपा दुर्गा के मन्त्र ध्यानादि मेरुतन्त्र में ऐसे हैं।

" अथातः संप्रवक्ष्यामि बीजरूपं महामनुम् ।
दुरित्येकाक्षरो मन्त्रस्सर्वमन्त्रोत्तमोत्तमः ॥
ऋषिः काश्यप उद्दिष्टो गायत्री छन्दईरितम् ।
देवता तु भवेदुर्गा षडङ्गानां विधिस्तथा ॥
षड्दीर्घयुक्तबीजेन विसर्गेणान्वितेन च ॥ "

तस्या ध्यानम्—

" दूर्वाश्यामां त्रिनेत्रां च कमलेऽष्टदले स्थिताम् ।
शूलं बाणं खड्गचक्रे शंखं खेटं शरासनम् ॥
कपालानि च दक्षाधः क्रमेण दधतीं स्मरेत् ॥ "

जयदुर्गा मन्त्रः—

" तारो दुर्गेयुगं रक्षमन्त्यद्वान्तौ सलोचनौ ।
द्विठान्ता जयदुर्गेयं विद्या वेद्या दशाक्षरी ॥
तारादिदुर्गे हृदयं दुर्गे शिर ईतीरितम् ।
दुर्गायै स्याच्छिखा वर्म भूतरक्षिणि कीर्तितम् ॥
तारादिदुर्गेयुगलं रक्षिण्यस्त्रमुदीरितम् ॥ "

(नारदऋषिः गायत्रीछन्द)

तस्या ध्यानम्—

" कालाभ्राभां कटाक्षैररिकुलभयदां मौलिबद्धेन्दुखण्डाम् ।
शंखं चक्रं कृपाणं त्रिशिखमपि करैरुद्वहन्तीं त्रिनेत्राम् ॥
सिंहस्कन्धाधिरूढां त्रिभुवनमखिलं तेजसा पूरयन्तीम् ।
ध्यायेद्दुर्गां जयाख्यां त्रिदशपरिवृतां सेवितांसिद्धिकामैः ॥

अतिदुर्गा मन्त्र—

" सर्वार्थसाधकं वक्ष्ये संग्रामविजयप्रदम् ।
जलन्धरवधायाहं यत्स्मरामि शृणुष्वतत् ॥
जातवेदसे सूनवामसोमम रातीयतो निदहाति वेदःस ।
परिषदति दुर्गाणि विश्वानावेव सिन्धुं दुरितात्यग्निः ॥
त्रिष्टुप् छन्दो मुनिश्चास्य मरीचिः काश्यपो मतः ।

देवता जातवेदोऽग्निः षडंगानि समाचरेत् ॥
नवागषट् सप्तनाग सप्तभिर्मन्त्रवर्णकैः ॥"

इनको अग्निदुर्गा भी कहते हैं। इनका ध्यान इस प्रकार का हैं—

"विद्युद्दामसमप्रभां मृगपतिस्कन्धस्थितां भीषणाम्।
कन्याभिः करवालखेटकलसद्धस्ताभिरासेविताम् ॥
हस्तैश्चक्रदरासिखेटविशिखान् पाशांकुशौ तर्जनीम्
बिभ्राणामलनात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां स्मरेत् ॥"

शाक्तप्रमोद में दुर्गाका यन्त्र इस प्रकार का है:-

"दुर्गायन्त्रं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व हरवल्लभे।
त्रिकोणं विन्यसेत् पूर्वं नवकोण समन्वितम् ॥
त्रैविम्बसहितं सर्वं मष्टपत्रसमन्वितम्।
त्रिरेखासहितं वज्रं भुपुरद्वयसंयुतम् ॥"

मेरुयन्त्रेतुः—

"अष्टपत्राम्बुजद्वन्द्वं चतुरस्रत्रयावृतम्।
चतुर्द्वारसमायुक्तं कुंकुमादिभिरुद्धरेत् ॥

अस्या वरणपूजा तत्रैव—

"कृत्वातु सर्वतोभद्रं पूर्वोक्तं मण्डलं शुभम्।
तत्कर्णिकायां षट्कोणे मण्डूकाद्यान् समर्चयेत् ॥
पूर्वोक्तान् परतत्त्वांस्तान्केशरेषु तदग्रतः।
जयाञ्च विजयां भद्रां रुद्रां कालीं च पूर्वतः ॥
सुमुखीं दुर्मुखीं चन्द्रमुखीं सिंहमुखीं तथा।

मध्ये दुर्गां यजेत्पश्चादासनं सिंहमन्त्रतः ॥
तारमुक्त्वा वज्रनखदंष्ट्राय च महा ततः।
सिंहाय हुँ फट् इत्येति मन्त्रः सप्तदशाक्षरः ॥
मूर्तिं मूलेन संकल्प्य तस्यामावाह्य पूजयेत्।
केशरेषु षडङ्गानि पूर्वतोष्टदले पुनः ॥
जातवेदाः सप्तजिह्वो द्वितीयो हव्यवाहनः।
ततश्चोदरजं वैश्वानरकौमारतेजसम् ॥
विश्वमुखं देवमुखं पीठे कोष्टचतुष्टये।
धरात्मानं जलात्मानं वह्न्यात्मानं निरात्मकम् ॥
निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्या शान्तिश्च गौणिका।
पूषावाण्यो ततो वीथी शची तोयात्मिका तथा ॥
नित्या दयावती चैव क्षष्टमीकारिणी मता।
तथैव नवमी नाम्ना प्रोक्ताचैव तिरस्क्रिया ॥
देवमाता च दमना प्रिया पश्चान्निरूप्यते।
समाराध्या नन्दिनी च शरीरेषुविमर्दिनी ॥
पद्माख्या दण्डिनी तिग्मा दुर्गा गायत्र्यतः परम्।
निरवद्या विशालाक्षी सौम्या सायं निरूप्यते ॥
स्वरोद्वाहा नादिनी च वेदना वह्निगर्भिणी।
सिंहवासा च धूम्रा च दुर्विषंहारिसंयुक्ता ॥
तापहरा त्यक्तदोषा निःसपत्नेति तद्बहिः।
लोकपालांस्तदस्त्राणि पूजां प्राग्वत्समाचरेत् ॥"

अब वनदुर्गा जो विन्ध्यावासिनी नामसे प्रसिद्ध हैं, उनके ध्यान मन्त्रादि ऐसे हैं।

" उच्छिष्टपदमाभाष्य पुरुषि स्यात् पदं ततः।
पितामहः सनेत्रे नः स्वपिषि स्याद्वयं च मे॥
समुपस्थितमुच्चार्य यदिशक्यमनन्तरम्।
अशक्यं वा पुनस्तन्मे वदेद्भगवति ततः॥
समयाग्निवधूः सप्तत्रिंशद्वर्णात्मको मनुः।
ऋषिरारण्यकः छन्दोऽप्यत्यनुष्टुबुदाहृतम्॥
देवता वनदुर्गा स्यात् सर्वदुर्गविमोचनी।
षड्भिश्चतुर्भिरष्टाभिरष्टाभिः षड्भिरिन्द्रियैः॥
मन्त्रार्णैरङ्गक्लृप्तिःस्याज्जातियुक्तैर्यथाक्रमम्॥"

अस्या ध्यानम्—

" सौवर्णाम्बुजमध्यगां त्रिनयनां सौदामिनीसन्निभाम्।
शंखं चक्रवराभयानि धदतीमिन्दोः कलां बिभ्रतीम्॥
ग्रैवेयांगदहारकुण्डल धरामाखण्डलाद्यैः स्तुताम्।
ध्यायेद्विन्ध्यनिवासिनीं शशिमुखीं पार्श्वस्थपञ्चाननम्॥"

इन का यन्त्र तो अन्य दुर्गा का सदृश ही है, परन्तु आवरण पूजा पृथक् है, वह ऐसा है:—

" आर्यां दुर्गां च भद्रां च भद्रकालीं तथैव च।
अम्बिकां च तथा क्षेम्यां वेदगर्भां च शाङ्करीम्॥
देव्यायुधानि संपूज्य सायुधान् दिक्पतीन् यजेत्॥"

परातन्त्र में " विशुद्धिउग्रचण्डा " क्यों कहा, इसविषय में एक महाकालसंहिता वर्णित कथा का वर्णन करता हूँ। सकल देवता ओं का तेजोराशी समुद्भवा शक्ति तो एक ही है. परन्तु कल्पभेद से मूर्ति तथा नाम में भेदत्रय हैं। उग्रचण्डा.

भद्रकाली और कात्यायनी हैं। सत्ययुग में जब त्रिपुरासुर दानव ने संपूर्ण ब्रह्मादि देवों को व्यथित किया और दुःखित देवगण उस दानव का वध जब अनेक उपाय करने पर भी नहीं कर सके तो अन्त में निराश होकर उन सबोंने देवी का स्मरण किया। स्मरण करते ही संपूर्ण देवताओं को प्रत्यक्ष दर्शन देकर भगवती बोलीं " त्रिपुरासुर के वध के लिए शारदीय अर्चा के अतिरिक्त अन्य साधन नहीं है। मेरी शारदीय पूजा विधिवत करने से उस दैत्य को तुम लोग मार सकोगे। मेरी शारदीय पूजा को जो लोग नहीं करते हैं, वे नरकगामी होते हैं। जो लोग इसे भक्तियुक्त होकर करते हैं, उन को दारसुतादिवित्त, आरोग्य उन्नति, विविध भोग से परिपूर्ण करदेती हूं। " शारदीय और वासन्ती अर्चा में अल्पमात्र भी भेद नहीं है, ऐसा सर्व निगमादि में लिखा है। कब से यह शारदीय अर्चा की प्रथा निकली है, इस विषय में लिखा है कि त्रेतायुग में जब राम और रावण का भारी युद्ध हुआ था, उस वक्त रावण कालिका का परम भक्त होने के कारण श्रीरामचन्द्रजी से मारा न गया। तब वह त चिन्तित होकर संपूर्ण देवगण को साथ में लेकर स्वयं ब्रह्माजी हिमालय पर जाकर कालिका (गुह्यकाली) की स्तुती करने लगे। " कालिके ! आप के उपासक राम और रावण का लङ्का में घोर युद्ध होरहा है। उन दोनों की अस्त्रशिक्षा युद्ध-कुशलता आप जाकर देखिये। " इस प्रकार अकाल बोधित की भी कालिका ब्रह्माजी के साथ शुक्ल प्रतिपदा में उस रणक्षेत्र में पहुंच गई। निराहार होकर ७ दिन तक दोनों दिव्यास्त्र प्रयोग करते रहे। इतने उपाय करने पर भी काल्युपासक रावण को

रामचन्द्रजी मार नहींसके। रावण भी विष्णुरूप रामचन्द्र का कुछ कर नहींसका। अपने भक्त रावण के बाहुबल को देखकर काली अति हर्षित हुई। रावण के ऊपर कालिका का पक्षपात विशेष अनुग्रह देखकर संपूर्ण देवगण संयुक्त ब्रह्माजी अति नम्रभाव से दिव्यस्तुती करने लगे। ब्रह्माजी की स्तुति से सन्तुष्ट होकर श्रीकालिका बोलीं। " वत्स तुम्हारी स्तुति से मैं प्रसन्न हूँ। अपने अनुकुल वर मागो। " संपूर्ण देवगण अति हर्षित होकर नम्र भाव से प्रार्थना करने लगे।" हे कालि के! आपका परम भक्त होनेपर भी दुष्ट रावण के उपर कृपा न कर हमारे उपर दया करके विष्णुस्वरुप रामचन्द्र को शक्ति प्रदान कीजिये हम लोगों की धर्म्मरक्षा, यज्ञार्थी मुनियों का निर्विघ्न तपश्चर्या और चातुर्वर्ण्य के धर्मरक्षण के लिए यह दुष्ट रावण शस्त्रपूत होकर मर जाए। हे देवि! प्रतिपदा से लेकर नवमी पर्यन्त आपकी तीनों लोकों में भारी पूजा होगी। जब नवमी में विश्व-कण्टक रावण का नाश होगा, प्रभूत बलिद्वारा हम आपको प्रसन्न रखेंगे। दशमी के दिन नाच गाना, विविध वाद्य विशेष जल, कर्दम, केली, अश्लील, वेश, वचन, शास्त्ररचना, रथ, द्विरद, वाहनादि की सज्जना-विधि, नीरांजन, महोत्सवादि से संपूर्ण देवगण और पृथ्वी पर मनुष्यगण भी आप की भारी पूजा करेंगे। जैसे समय आपका पादभक्त रावण है, वैसे ही सदैव आप के पाद-भक्त श्रीराम बनेंगे। आपका (गुह्यकाली का) रामोपासित मन्त्र भी पृथ्वी में प्रसिद्ध होगा जिस से आप प्रसन्न रहेंगी। " इस प्रकार की ब्रह्माजी की प्रार्थना से अतिप्र-सन्न होकर श्रीकाली रावण से विमुख होगईं। इसके बाद

दिव्यास्त्र-द्वार श्रीराम ने रावण को मारा। तभी से शारदिय अर्चा की प्रथा चलीआई है। इसी कारण शारदीय और वासन्ती अर्चा सबके लिए परमावश्यक मानी गई हैं। इन दोनों पूजावि-धि में वासन्ती पूजा एक ही प्रकार से होती है। परन्तु शारदीय पूजा में ३ प्रकारके मतभेद हैं। आश्विन कृष्ण शिवर्क्ष नवमी में प्रबोधन करके आश्विन शुक्ल नवमी पर्यन्त पूजा करने का एक पक्ष है। (यह उत्तम पक्ष है, इस में केवल कुलकल्प सेही पूजा होती है।) आश्विनशुक्ल प्रतिपदा में ही प्रबोधन करके तन्त्र और पौराणिक क्रम से नवदिन पर्यन्त पूजा करना दूसरापक्ष है। (यह मध्यम पक्ष है मतान्तर में कृष्णचतुर्दशी में ही प्रबोधन होते हैं।) फिर आश्विन शुक्ल षष्ठी तिथि में सायंकाल में बेल की शाखा में देवी का प्रबोधन करके सप्तम्यादि तीन दिन तक पूजा करने का तृतीय पक्ष है। (यह अधम पक्ष है।) इस विषय में महाकालसंहिता का वचन ऐसा है.—

" आश्विनाशितपक्षस्य नवमी या शिवर्क्षयुक्।
बोधयित्वेश्वरीं तस्यां शरदर्चनमाचरेत् ॥
यावत् स्यान्नवमी शुक्ला तावत् पूजा प्रवर्तते।
इत्येकः पक्ष उदितो द्वितीयमवधारय ॥
प्रतिपद्येव शुक्लायां बोधयित्वा सुरेश्वरीम्।
अभ्यर्चयेन्नवाहानि तन्त्रपौराणिकक्रमैः ॥
उदीरितो द्वितीयोऽयं तृतीयं कथयाम्यथ।
सायाह्ने बिल्वशाखायां षष्ठ्यां देवीं प्रबोधयेत् ॥
प्रातः प्रवर्तते पूजा सप्तम्यादिदिनत्रये।
त्रैविध्य ईदृश्यर्चाया विवदन्ते मिथो बुधाः ॥
ब्रवीमि तत्र सिद्धान्तं छिन्नं येन तमो भवेत् ॥ "

अब इन तीनों में सिद्धान्त पक्ष क्या है? इस विषय में उपरोक्त ग्रंथों के पश्चात् महाकालसंहिता में जो लिखा है, उसका अनुवाद देता हूं। कहा है कि रम्भकल्प में रम्भासुर का पुत्र महिषासुर का अष्टादशभुजी उग्रचण्डा द्वारा वध हुआ। नीललोहित कल्प में देवताओं को व्यथित करनेवाला यज्ञादि का विनाशक फिर भी महिषासुर पैदा होगया। उसको देखकर श्रीमहामाया ने भी षोडशभुजी भद्रकाली स्वरुप लेकर श्वेतकरवाल से ही उसको मारडाला। श्वेतवाराहकल्प में जैगिषव्य ऋषिद्वार पूर्वजातिस्मरण हो के फिर भी पैदा होगया। दोनों वक्त स्त्रीद्वार अपनेको वधस्मरण करताहुवा कात्यायन मुनि का शाप से औः अपने ही स्वप्न के अनुभव से भी अपने को स्त्री द्वारा ही वध समझ के त्रिविध भक्ति से श्रीकाली (गुह्यकाली) का आराधन करना आरम्भ किया। दिव्य द्वादशवर्ष आराधना करने पः स्वयं श्रीकाली प्रत्यक्ष दर्शन देकर बोलने लगीं की "तुमारं आराधना से मैं प्रसन्न हूँ। तुम मनोगत वर मागो।' तदनन्त दानव बोल उठा कि "हे कालिके! वर पीछे मागूंगा, अभं रहने दीजिए। पहले यह तो बताइये कि दोनों वार मुझको आप मारा। घोर और भीषण कैसी कैसी आकृति को धारण करं मुझे मारडालीं? कालिके! फिर इस जन्म में दुर्वृत्त निखिला मरकण्टक मुझको कौनसी आकृति धारण करके मारोगी? ऐसा दानव का वचन सुनकर किञ्चिद्विहस्य मस्तक को हिल कर मधुर वचन बोलने लगीं कि "हे दैत्यराज! मेरः भीषः आकृति को देखर तुम्हारे लिए विशेष लाभ क्या है? लाभ बदले तुम भयभीत हो जाओगे। तदपि तुम उस भीषण आ

कृतिको देखना चाहते हो तो देखो।" इतना कहकर अपनी सुन्दर आकृति को छिपाकर अग्निज्वाला से कराल वदन अष्टा- दशभुजा से युक्त दिव्य शस्त्रास्त्र से युक्त मुण्डमाला से विदीर्ण सूर्य युगल भयंकर दंष्ट्रा से अतिभीषण चञ्चल विद्युत्समान रसना भयंकर नाद करनेवाली उग्रचण्डारूपिणी बनगई। उनको देखकर दैत्यराज देख नहीं सका। अञ्जलीपुट करके बोलने लगा कि "कालिके! तीनों लोक को त्रास करनेवाली ऐसी भयानक आपकी आकृति मैं देख नहीं सकता हूँ। इस आकृतिको छिपा- इये।" इतना कहने पर भयानक आकृति को छोडकर सुन्दर आकृति को कालिका ने धारण किया फिर कालिका ने द्वितीय षोडशभुजी भद्रकालिस्वरुप का दर्शन देनेपर फिर भी पूर्ववत् वहः भयभीत होगया। दानव को भयभीत देखकर श्रीकाली ने पुन प्राकृत सुन्दर मूर्त्ति को धारण किया। दानव भी सुन्दर स्वरुप को देखकर सविनय प्रार्थना करके बोलने लगा। "कालिके! ऐसी ऐसी भीषण आकृति धारण करनेवाली आपके साथ समर में मैं किस तरह युद्ध कर सकूंगा। (गरुड के साथ सर्पका, दावाग्नि के साथ पतंगों का, सिंह के साथ मृग विशेष का, वायु के साथ वृक्षों का, सर्प के साथ भेकों का जैसा समर होगा।) आपके साथ मेरा युद्ध होना सर्वथा असंभव है, यानि हो ही नहीं सकता। अस्तु आज तक जो हुआ हुआ अब मेरे मनोरथ के अनुकूल आ- पसे प्राप्त जो वरत्रय है, उनको कृपया दीजिए। उन में से एक तो यह दीजिये, इस जन्म में ही सौम्य आकृति धारण कर के संपूर्ण देवताओं के रक्षा के लिए मेरेको वध कीजिए। द्वितीय यह दीजिएकी मैं सजीव होकर ही आप की मुखछवीको

देखता हुआ मेरे शिर पर आपका वाम पादाम्बुज सदैव रखती रहें। तृतीय यह दीजिए कि देवि! यज्ञ का कुछ भाग मुझे भी मिलजाए।" इस तरह का दैत्यराज का वचन सुनकर सस्मित भाव से देवी बोलने लगी। "हे दैत्येन्द्र! यथार्थ मेरे वचन को सुनो। रम्भकल्प में हिमालय में तुम्हारे पिता रम्भासुर ने कठिन तपस्या कर के श्रीशंकरजीको सन्तोष कर ऐसा वरमागा कि, 'यदि मुझ से आप सन्तुष्ट हैं तो मैं वह वर मागताहूँ कि आप मेरे पुत्र बनजाएँ।' श्रीशंकरजी ने भक्त के अधीन होकर अनुकूलवरदान देदिया। इसी कारण तुमने महिषी के गर्भ से पैदा होकर शिवजी के समान स्वरुप धारण किया है। और तुम साक्षात् शिव स्वरुप है। तुमने मन्वन्तर त्रय पर्यन्त तीनों लोकको वडे मजेसे भोग करलिया, अब से तुम को इस दैत्यदेह धारण कर बैठना नहीं पडेगा। मेरे लोक के अधः स्थित स्वपुर में जाओगे इत्यादि कह वरदान देकर जब काली अन्तर्ध्यान हो गईं, तब महिषासुर सकल पूर्ववृत्तान्त भूल गया और आसुरी प्रकृति का दुष्ट बनगया। इसलिए दुर्गोत्सव नवरात्र में दुर्गापूजा की ३ प्रकार की विधियाँ होती हैं। एक उग्रचण्डा-कल्प, एक भद्रकाली-कल्प, और एक कात्यायनी-कल्प। उग्रचण्डा का तथा भद्रकाली का ध्यान पूर्वपटलों में ही देचुका हूँ अब दशभुजा कात्यायनी का ध्यान मत्स्यपुराण में ऐसा है:—

"कात्यायन्याः प्रवक्ष्यामि मूर्तिं दशभुजां तथा।
त्रयाणामपि देवानां धर्म्मकामार्थकारिणीम्॥
जटाजूटसमायुक्तामर्धेन्दुकृतलक्षणाम्।
नेत्रत्रयसमायुक्तां पद्मेन्दुसदृशाननाम्॥
अतसीपुष्पवर्णाभां सुप्रतिष्ठां सुलोचनाम्।
नवयौवनसंपन्नां सर्वाभरण भूषिताम्॥
सुचारुदशनां तद्वत्पीनोन्नतपयोधराम्।
त्रिभङ्गस्थानसंस्थानां महिषासुरमर्दिनीम्॥
त्रिशूलं दक्षिणे दद्यात् खड्गं चक्रं क्रमादधः।
तीक्ष्णं बाणं तथा शक्तिं वामतोऽपि निबोधत॥
खेटकं पूर्णचापंच पाशमंकुशमूर्ध्वतः।
घण्टां वा परशुं चापि वामतः सन्निवेशयेत्॥
अधस्तान्महिषं तद्वद्विशिरस्कं प्रदर्शयेत्।
शिरश्छेदोद्भवं तद्वद्दानवं खड्गपाणिनम्॥
सपाशंवामहस्तेन धृतकेशं च दुर्गया।
वमद्रुधिरवक्त्रं च देव्याः सिंहं प्रदर्शयेत्॥
देव्यास्तु दक्षिणं पादं समं सिंहोपरिस्थितम्।
किञ्चिदूर्ध्वं तथा वाममङ्गुष्ठं महिषोपरि॥
स्तूयमानं च तद्रूपममरैः सन्निवेशयेत्॥"

अपने अपने गुरुपरम्परा के मतसे दुर्गोत्सवका नवरात्रविधि पूर्वोक्त ३ प्रकार के होते हैं। और इन की शाखाएँ बहुत हैं। अब सब से प्रथम कात्यायनी-कल्पका वर्णन सक्षेपतः करता हूं। इस कल्प में आश्विन शुक्ल षष्ठी में देवी का प्रबोधन होता है। कालिकापुराण में लिखा है:—

"बोधयेद्बिल्वशाखासु षष्ठ्यां देवीं फलेषु च।
सप्तम्यां बिल्वशाखांतामाहृत्य प्रतिपूजयेत्॥
पुनः पूजां तथाष्टम्यां विशेषेण समाचरेत्।
जागरं च स्वयं कुर्याद्बलिदानं महा निशि॥

प्रभूत बलिदानं च नवम्यां विधिवच्चरेत्।
जपहोमसमायुक्तो भोजयेद्वै कुमारिकाः ॥
ध्यायेद्दशभुजां दुर्गां दुर्गामन्त्रेण पूजयेत् ।
विसर्जनं दशम्यां तु कुर्याद्वै शारदोत्सवैः ॥ "

अर्थात् षष्ठी (सायं) काल में देवी को फलादि तथा विल्व-शाखा में देवी को प्रबोधन कर सप्तमी में वह विल्वशाखा (फलादिनवपत्रिकायुक्त) स्वगृह मे लाकर पूजा करें। फिर अष्टमी में पूजा विशेषरूप से कर महानिशि में बलिदान कर जागरण करें । फिर नवमी में प्रभूत बलिदान कर हवन तथा कुमारीपूजा कर दशमी में विसर्जन करें। ऐसा है, परन्तु ३ दिन की पूजा से ९ दिन की पूजा अधिक फलदायक होने के कारण यामल का " प्रतिपद्येव कर्तव्यं कलशस्थापनं तथा ॥ " इस वचन के आधार से बहुत से गुरुपरंपरा के मत से प्रतिपदा में घटस्थापना कर उस में देवी का आवाहन कर घटस्थजल में सप्तमी के प्रातःकाल तक दुर्गाष्टाक्षरमन्त्र से पूजाकर षष्ठि सायंकाल में पूर्वोक्त विधि से संबोधित नवपत्रिका सप्तमी अपरान्ह काल में गृहप्रवेश कराके एक स्थाली पर रख प्रतिपत्स्थापितघटोपरि स्थापना कर कात्यायनीदुर्गा का आवाहन कर दुर्गाष्टार्ण, जयदुर्गादशार्ण अथवा (त्रिशस्त्र्यात्मिका) चामुण्डानवार्ण मन्त्र से पूजन होता है । इसी प्रकार की मुद्रित पद्धतियाँ भी बहुत प्रकार की दिखलाइ पडती हैं । प्रायशः इस कल्प की दुर्गापूजा प्रचलित होनेका कारण यह है कि यह सौम्यरूप दुर्गा की पूजा है अतः इनका आर्द्रपश्वाचार और शुष्कपश्वाचार से भी पूनज हो सकता है।

अब भद्रकाली–कल्प का वर्णन करता हूँ । इस कल्प का प्रबोधन करने की दो मत हैं । एक मत में शुक्लप्रतिपदा में इन का बोधन होता है ।) इस विषय में महाथर्वण संहिता में लिखा है:- (९)

" इषेशुक्लप्रतिपदि भुजैः षोडशभिर्युताम् ।
बोधयित्वा भद्रकालीं नवम्यन्तं प्रपूजयेत् ॥ "

महाकालसंहितायामपिः—

" प्रतिपद्येव शुक्लायां बोधयित्वा सुरेश्वरीम्।
अभ्यर्चयेन्नवाहानि तन्त्रपौराणिकक्रमैः ॥ "

(फिर अन्य मत में आश्विनकृष्ण चतुर्दशी में इन को यन्त्रादि प्रबोधन कर शुक्ल प्रतिपदा में घटस्थापना कर तदुपरि स्थाली में बोधित यन्त्र रख कर षोडशभुजादुर्गा भद्रकाली का आवाहन कर पूजन होती है ।) इस विषयमें लिङ्गपुराण में लिखा है : (१०)

" यदा तु षोडशभुजां महामायां प्रपूजयेत् ।
दुर्गातन्त्रेण मन्त्रेण विशेषं तत्र वै शृणु ॥
कन्यायां कृष्णपक्षे तु एकादश्यामुपोषितः ।
द्वादश्यामेकभक्तं च नक्तं कुर्यात् परेऽहनि ॥
चतुर्दश्यां महामायां बोधयित्वा विधानतः ।
गीतवादित्रनिर्घोषैर्नानानैवेद्यवेदनैः ॥
अयाचितं बुधः कुर्याद्यावद्वै नवमी भवेत्॥ "

इन की पूजा शुष्कपश्वाचार के सिवाय अन्य आचारों से हो सकती है । इन की पूजा में प्रतिपदा से नवमी तक प्रतिदिन प्रथमतः मूलदेवी भद्रकाली का अपने अपने गुरुपरम्परानुसार

दुर्गाष्टार्ण, जयदुर्गादशार्ण अथवा चामुण्डानवार्ण से अर्च कर तत्पश्चात् पृथक् पृथक् नवदुर्गारुप से पूजा करके दशमी मूलदेवी भद्रकाली में समष्टि करते हैं। उन नवदुर्गाओं मन्त्र त्रितार आदि में उच्चारण कर क्रमशः अँ से अः तक दो स्वर उचारण कर अमुकायै नमः उच्चारण करने से व जाएगा। एवं षोड़शस्वर से ८ दुर्गाओं के मन्त्र हो गए फिर सकल स्वरवर्णों से नवम मन्त्र भी बनजाएगा। पृथक् पृथक् पूजा के विषय में आगम में लिखा है:—

" नवशक्ति समायुक्तं नवरात्रं तदुच्यते।
एकैव देवदेवेशी नवधा परिनिष्ठिता॥ "

कात्यायनी-कल्प में तो ३ दिन का ही विशेष पूजा होने के कारण नवदुर्गा की पृथक् पूजा नहीं होती है। अन्य दो कल्प में नवदुर्गा की पृथक् पूजा होती है। परन्तु भद्रकाली-कल्प के और उग्रचण्डा-कल्प के नाम तथा ध्यान अलग अलग हैं अब मैं यहा भद्रकाली-कल्प की नवदुर्गा का नाम देता हूँ:—

" प्रथमं शैलपुत्रीच द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।
तृतीयं चन्द्रघण्टेति कुष्माण्डेति चतुर्थकम्॥
पञ्चमंस्कन्दमातेति षष्ठंकात्यायनी तिच।
सप्तमं कालरात्रीच महागौरीति चाष्टमम्॥
नवमं सिद्धिदात्रीच नवदुर्गा प्रकीर्तिताः॥ "

अब इन नवदुर्गाओं के ध्यान का वर्णन करता हूँ:—

१. शैलपुत्री—

" वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥ "

२. ब्रह्मचारिणी—

" दधाना करपद्माभ्यामक्षमालां कमण्डलुम्।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥ "

३. चन्द्रघण्टा—

" पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥ "

४. कुष्माण्डा—

" सुधासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥ "

५. स्कन्दमाता—

" सिंहासनगता नित्यं पद्मान्वितकरद्वया।
शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥ "

६. कात्यायनी—

" चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी॥ "

७. कालरात्री—

" एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्नाखरास्थिता।
लम्बौष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्री भयङ्करी॥ "

मतान्तरेऽपि—

" आरक्तभानुशदर्शी यौवनोन्मत्तविग्रहाम् ।
चतुर्भुजां त्रिनयनां भीषणां चन्द्रशेखराम् ॥
प्रेतासनसमासीनां भजतां सर्वकामदाम् ।
दक्षिणे चाभयं पाशं वामे भुवनमेवच ॥
रक्तदण्ड धरां देवीं कालरात्रीं विचिन्तयेत् ॥ "

८. महागौरी—

" श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः ।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा ॥ "

९. सिद्धिदात्री—

" सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि ।
सेव्यमानासदाभूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी ॥ "
शंखचक्रगदापद्म धरा स्वर्णप्रभानना ॥ "

भद्रकाली कल्प के विषय में मुझे इतना ही मालूम है ।

अब उग्रचण्डा-कल्प का वर्णनकरता हूं । इस कल्प में आश्विनकृष्ण नवमी मध्यान्हकाल में करवाल में देवी को प्रबोधन कर प्रतिपदा में घटस्थापना कर तदुपरि पात्र मे करवाल स्थापन कर नवरात्र पर्यन्त पूजा होती है । इस विषय मे महाथर्वण संहिता मे लिखा है: -

" अष्टादशभुजादुर्गा उग्रचण्डेति या स्मृता ।
सैवेयं षोडशभुजा भद्रकालीति गीयते ॥
दशभिर्बाहुभिर्युक्ता सैव कात्यायनी स्मृता ।

भिन्नध्याना कल्पभेदान्महिषासुरमर्दिनी ॥
कालभेदे बोधनीया सा दुर्गोत्सवकर्म्मणि ।
आश्विनासितपक्षे तु दिवा संपूज्य भक्तितः ।
खड्गे नवम्यामाद्रायामुग्रचण्डां प्रबोधयेत् ॥ "

लिङ्गपुराणे—

" यदा त्वष्टादशभुजां महामायां प्रपूजयेत् ।
कन्यायां कृष्णपक्षे तु पूजयित्वार्द्रभे दिवा ॥
नवम्यां बोधयेद्देवीं गीतवादित्रनिः स्वनैः ।
शुक्लपक्षे चतुर्थ्यां तु देवीकेशविमोचनम् ॥
प्रातरेव तु पञ्चम्यां स्नापयेयुः शुभैर्जलैः ।
सप्तम्यां पत्रिकापूजा अष्टम्यां चाभ्युपोषणम् ॥
पूजाच जागरश्चैव नवम्यां विधिवद्बलिः ।
संप्रेषणं दशम्यां तु क्रीडाकौतुकमङ्गलैः ॥ "

(इनका भी भद्रकाली वत् प्रतिदिन प्रथम उग्रचण्डा की पूजा कर पश्चात् क्रमशःरुद्रचण्डादि दुर्गाओं की अष्टमी तक पूजाकर अष्टमी महानिशि में मूलदेवी उग्रचण्डा में समष्टि कर महापूजा तथा नवमी में भी प्रभूतवलिदान के साथ मूलदेवी का ही अर्चन कर दशमी में विसर्जन होगा । इस कल्प में रुद्रचण्डादि अष्टशक्तियों के साथ मूलदेवी उग्रचण्डा के ; नवदुर्गायें मानी-गई हैं । उग्रचण्डा का तो अपना ही द्वात्रिंशाक्षरी मन्त्र होने के कारण इस कल्प में मूलदेवी की अन्य मन्त्र से पूजा की जरुरत नहीं है । रुद्रचण्डादि अष्टदेवीयों के विषय में पंचतार के पश्चात् दो दो स्वरवर्ण तथा ङेयुत नाम और नमोन्त से मन्त्र बनेगा) इन शक्तियों के नाम ये हैं:-

" रुद्रचण्डा प्रचण्डा च चण्डोग्रा चण्डनायिका ।
चण्डा चण्डवती चैव चण्डरूपातिचण्डिका ॥ "

१, रुद्रचण्डा ध्यानम्—

" खड्गं वज्रं शरं चक्रमंकुशं च तथैवच ।
वरंत्रिशूलं पात्रञ्च दक्षिणेन विराजते ॥
खेटकञ्च तथा घण्टां धनुश्चाभयपाशकम् ।
तर्जनीं दैत्यकेशञ्च विन्दुमुद्राञ्च वामके ॥
ससिंहमहिषारुढ़ां रोचनारूपशोभिताम् ।
ध्यायेत्वां च महादेवि रुद्रचण्डि नमोऽस्तु ते ॥ "

२, प्रचण्डाध्यानम्—

" खड्गं शक्ति शरं चक्रं वज्रं च वरदं तथा ।
त्रिशूलं च तथा पात्रं दक्षहस्तेषु विभ्रती ॥
खेटकं दर्पणं चैव धनुश्चाभयघण्टकाम् ।
तर्जनीं दैत्यकेशं तु विन्दुमुद्रां च वामके ॥
सिंहमहिषमारुढारुणाभारूपसन्निभा ।
एवंरूपां महादेवीं प्रचण्डां च नमोऽस्तुते ॥
आग्नेयरक्तश्यामं तु सव्यहस्ते जलं चरु ।
प्रचण्डात्वं प्रसन्नोऽयं सिद्धिसर्वार्थसाधकम् ॥"

३. चण्डोग्राध्यानम्—

" खड्गं दण्डं शरं चक्रं वज्रं वरत्रिशूलकम् ।
पानपात्रं तथा ध्याये दक्षहस्तेषु विभ्रतीम् ॥
फेटकं तु पाशं धनुः गदां घण्टां च तर्जनीम ।
दैत्यकेशं विन्दुमुद्रां वामहस्तेषु धारिणीम् ॥

सिंहमहिषमारुढां कृष्णवर्णाङ्ग भूषणाम् ।
एवं ध्यात्वा महादेवीं चण्डोग्रायै नमोऽस्तुते ॥"

. चण्डनायिका ध्यानम्—

" खड्गं च रत्नज्वालां तु शरचक्रं च वज्रकम् ।
अंकुशं च त्रिशूलं च पात्रं विभ्रति दक्षिणे ॥
फेटकं तर्जनिधनुगदाघण्टांश्चपाशकम् ।
दैत्यकेशं विन्दुमुद्रां वामहस्तेषु शोभिते ॥
सिंहासनस्थिते देवि महामहिषगामिनि ।
धूम्रवर्णे महादेवि नमस्ते चण्डनायिके ॥ "

५. चण्डा ध्यानम्—

" श्वेतवर्णा त्रिनेत्राच यौवनी च सुरूपिणी ।
खड्गं पाशं शरं चक्रं वज्रं वरत्रिशूलिनी ॥
पात्रं दक्षिण हस्तेषु रत्नालंकार भूषिता ।
फेटकांकुशधनुषं गदां घण्टां तु तर्जनीम् ॥
दैत्यकेशं विन्दुमुद्रां वाम हस्तेषु विभ्रती ।
एवं रूपा तु सा देवी श्रीचण्डायै नमोऽस्तुते ॥ "

६. चंडवती ध्यानम्—

" श्यामवर्णां त्रिनयनां सिंहमहिष गामिनीम् ।
खड्गं ध्वजं शरं चक्रं वज्रं च वरमेवच ॥
त्रिशूलं पात्रं हस्तेषु दक्षिणेन च धारिणीम् ।
फेटक पाशं धनुषं गदां घण्टां सतर्जनीम् ॥
दैत्यकेशं विन्दुमुद्रां वामहस्तेषु धारिणीम् ।
सर्वरत्नाङ्गभूषाङ्गीं चण्डवतीं नमोऽस्तुते ॥ "

७. चण्डरूपा ध्यानम्—

" सिंहासना महिषस्था पीतवर्णा गुणप्रभा।
पाशं गदां शरं वज्रं चांकुशं वरदं तथा॥
त्रिशूलं पात्रं दक्षेतु नानालंकारभूषिताम्।
फेटकं चक्रं धनुषं घण्टां पाशं च तर्जनीम्॥
दैत्यकेशं विन्दुमुद्रां वाम हस्तेषु धारिणीम्।
त्रिनेत्रां यौवनीं देवीं नमस्ते चण्डरूपिणीम्॥ "

८. अतिचण्डिका ध्यानम्—

" श्वेतवर्णां त्रिनेत्रांच हरिमहिषगामिनी।
कलापोडपसंयुक्ता नानारत्नविलम्विता॥
खड्गंत्रिशूलं वाणं च चक्रचिह्नादिमंकुशम्।
वरदं पाशंपात्रं च दक्षिणेन विराजिता॥
फेटकं दैत्यकेशं च धनुर्गदां च घण्टकाम्।
पाशं तर्जनि विन्दुं च वामहस्तेषुधारिणीम्॥
एवं ध्यात्वा महादेवी मतिचण्डि नमोऽस्तुते॥"

ऊपर लिखेहुए ध्यानादि जैसे व्याकरण विरुद्ध पदों का प्रयोग प्राचीन हस्तलिखित तन्त्रग्रन्थों और पद्धतियों में बहुत देखने में आता है, परन्तु हमलोग उन सबको आर्षप्रयोग मानते हैं। कहीं कहीं तो श्लोकों में भी छन्दभङ्ग और यतिभङ्ग भी बहुलता से देखने में आते हैं। उग्रचण्डा का ध्यान पिछले अङ्क में देचुका हूं। (महिषमर्दिनी भी दुर्गाका ही भेद है, इन का भी सभी आम्नायों से उपासना होती है।)इनके मन्त्र ध्यानादि शारदातिलक में ऐसे लिखा है:–

" भ.न्तं वियत्सनयनं श्वेतो मर्दिनि ठद्वयम्।
अष्टाक्षरी समाख्याता विद्या महिषमर्दिनी॥
महिषहिंसिके हुँ फट् हृदयं परिकीर्तितम्।
महिषशत्रोसार्पि हुँ फट् शिरोङ्गं समुदाहृतम्॥
महिषं द्वेश्यद्वन्द्वं हुँ फडन्तः शिखामनुः।
महिषं हनयुग्मान्ते देवि हुँ फट् तनुच्छदम्॥
महिषान्ते सूदिनि हुफडन्तं शस्त्रमीरितम्।
मन्त्रैरेतैर्जातियुक्तैः पञ्चाङ्गानि प्रकल्पयेत्॥"

विश्वसारतन्त्रेऽपि—

" त्रैलोक्यवीजभूतान्ते संवोधनपदं ततः।
सृष्टिसंहारकौ वर्णौ विद्योमहिषमर्दिनी॥
प्रणवाद्यां जपेद्विद्यां मायाद्यां वा जपेत् सुधीः।
वधूवीजादिकां वाऽपि कवचाद्यां जपेत् तथा॥ "

अस्या ध्यानम्—

" गारुडोपलसन्निभां मणिमौलिकुण्डलमण्डिताम्।
नौमि भालविलोचनां महिषोत्तमाङ्गनिषेदुषीम्॥
चक्रशंखकृपाणखेटकवाणकार्मुकशूलकान्।
तर्जनोमपि विभ्रतीं निजवाहुभिः शशिशेखराम्।"

(शूलिनी भी दुर्गा का भेद तथा छओं आम्नायों में पूजित हैं। इन के मन्त्र ध्यानादि शारदातिलक में ऐसे हैं:–

" ज्वल ज्वल पदस्यान्ते शूलिनोति पदं वदेत्।
दुष्टग्रहं हुमखान्ते वह्निजायावधिर्मनुः॥

पंचाग्निर्दशभिः प्रोक्तो ग्रहशत्रुविनाशनः ।
ऋषिर्दीर्घतया प्रोक्तः ककुप्छन्द उदाहृतम् ॥
शूलिनी देवता प्रोक्ता समस्तसुरवन्दिता ।
दुर्गे हृद्वरदे शीर्षं विन्ध्यवासिनि तच्छिखा ॥
असुरान्ते मर्दिनी स्याद्युद्धपूर्वप्रिये पुनः ।
त्रासयद्वितयं वर्म देवसिद्धसुपूजिते ॥
नन्दिनी स्याद्रक्षयुगं महायोगेश्वरी क्रमात् ।
शूलिन्याद्या हुंफडन्ताः पञ्चाङ्गमनवः स्मृताः ॥"

अस्या ध्यानम्—

"अध्यारूढां मृगेन्द्रं सजलजलधरश्यामलां हस्तपद्मैः ।
शूलं बाणं कृपाणीमरिजलजगदाचापपाशान् वहन्तीम् ॥
चन्द्रोत्तंसां त्रिनेत्रां चतसृभिरसिना खेटकान् बिभ्रतीभिः
कन्याभिः सेव्यमानां प्रतिभटभयदां शूलिनीं भावयामि ।

अन्नपूर्णा के विषय में आगे ही देचुका हूँ । कराली शाये गुह्यकाली के भेदों में से कोई एक विद्या होगी । ज्वालामालिनी और कामिनी ये विद्यायें मेरे क्रम में न होने के कारण मु मालूम नहीं हैं ।

अष्टवटुकों, अष्टक्षेत्रपालों तथा चतुःषष्टियोगिनियाँ २ छओं आम्नायों में पूजित होवे हैं। अतएव हरएक पूजा अन्त में कृच्छ्रान्न अथवा अन्य बलि हरएक आम्नाय में देना पड़ेगा। स्थान अपनी अपनी गुरुपरम्परा के अनुसार पृथ पृथक् दिशा में हो सकता है। अष्ट वटुकों के नाम यह हैं। १ कालवटुक। २. शङ्करवटुक। ३ मातृवटुक। ४ देवीवटुक।

स्थानवटुक। ६ मेघवटुक। ७ चन्द्रवटुक। ८ विनायकवटुक। इन में समष्टिरूप वटुक भैरव हैं) उन का मन्त्र ध्यानादि ऐसा है:-

"प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य हृल्लेखाबीजमुद्धरेत् ।
वटुकाय पदं पश्चादापदुद्धारणायच ॥
कुरुद्वयं समुच्चार्य मायां तारं समुद्धरेत् ।
वह्निजायान्वितो मन्त्रो वटुकस्य प्रकीर्तितः ॥"

शारदायाम् महामन्त्र-

"उद्धरेद्वटुकं ङेऽन्तमापदुद्धारणं तथा ।
कुरुद्वयं पुनर्ङेन्तं वटुकं तं समुद्धरेत् ॥
एकविंशत्यक्षरात्मा शक्तिरुद्धो महामनुः ।
अभीष्टफलसंसिद्ध्यै कीर्तितः सुरपादपः ॥
बृहदारण्य ऋषिश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
आपदुद्धारणो देवो भैरवो देवता बुधैः ॥
अङ्गुलीदेहवक्त्रेषु मूर्त्तीन्यस्येत्तथा पुरा ।
सद्यादिपञ्चह्रस्वाढ्यं शक्तिबीजं पुरःसरम् ॥
वकारं पंचह्रस्वाढ्यमीशानादिषु योजयेत् ।
षड्दीर्घयुक्तया शक्त्या वकारेणच तद्वतः ॥
अङ्गानि जातियुक्तानि प्रणवाद्यानि कल्पयेत् ॥"

अस्य ध्यानम्:—

"तस्यध्यानं त्रिधाप्रोक्तं सात्विकादिविभेदतः ॥"

सात्विकम्:—

"वन्दे बालं स्फटिकसदृशं कुण्डलोद्भासिवक्त्रम् ।
दिव्याकल्पैर्नवमणिमयैः किंकिणीनूपुराद्यैः ॥

दीप्ताकारं विसदवसनं सुप्रसन्नं त्रिनेत्रम् ।
हस्ताब्जाभ्यां बटुकमनिशं शूलदण्डौ दधानम् ॥

राजसम्:—

" उद्यद्भास्करसन्निभं त्रिनयनं रक्ताङ्गरागस्रजम् ।
स्मेरास्यं वरदं कपालमभयं शूलं दधानं करैः ॥
नीलग्रीवमुदारभूषणधरं शीतांशुचूडोज्वलम् ।
बन्धूकारुणवाससं भयहरं देवं सदा भावयेत् ॥

तामसम्:—

ध्यायेन्नीलाद्रिकान्तं शशिशकलधरं मुण्डमालां महेशम् ।
दिग्वस्त्रं पिङ्गकेशं डमरुमथ सृणिं खड्गपाशाभयानि ॥
नागं घण्टां कपालं करसरसिरुहैर्विभ्रतं भीमदंष्ट्रम् ।
सर्पाकल्पं त्रिनेत्रं मणिमयविलसत्किङ्किणीनूपुराढ्यम् ॥

फलम्—

" सात्त्विकं ध्यानमाख्यातमपमृत्यु निवारणम् ।
आयुरारोग्यजननमपवर्गफल प्रदम् ।
राजसं ध्यानमाख्यातम् धर्मकामार्थसिद्धिदम् ।
तामसं शत्रुशमनं कृत्याभूतग्रहापहम् ॥"

अष्टक्षेत्रपालों के नाम यह हैं। १. हेतुक क्षेत्रपाल। २. त्रिपुरान्तक क्षेत्रपाल। ३. वेताल क्षेत्रपाल। ४ अग्निजिह्व-क्षेत्रपाल। ५ काल क्षेत्रपाल। ६. कराल क्षेत्रपाल। ७ एकपाद क्षेत्रपाल। ८. भीमरुप क्षेत्रपाल। इन के समष्टिरुप क्षेत्रपाल भैरव है। इनका मन्त्र ध्यानादि शारदातिलक मे ऐसा है।

" वर्णान्त्यमौविन्दुयुक्तं क्षेत्रपालाय हृन्मनुः ।

ताराद्यो वसुवर्णोऽयं क्षेत्रपालस्य कीर्तितः ॥
षड्दीर्घ भाजा बीजेन षडंगान्यस्य योजयेत् ॥"

अस्य ध्यानम्—

" नीलाञ्जनाद्रिनिभमूर्ध्व पिशङ्ग केशम् ।
वृत्तोग्रलोचनमुपात्तगदाकपालम् ॥
आशाम्बरं भुजगभूषणमुग्रदंष्ट्रम् ।
क्षेत्रेशमद्भुततनुं, प्रणमामि देवम् ॥"

(योगिनीयों के भेद चतुःषष्टि हैं। फिर गुरुपरंपरा भेद से ६४ योगिनीयों के नाम में भी बहुत भेद हैं) अतः उनमें से समष्टि योगिनी का ध्यान ऐसा है:—

" शंख चक्रयुधां व्यक्तां गौरीं संकुचितालकाम् ।
सिंहस्थां खड्गचर्माढ्यां वन्दे सर्वार्थसिद्धिदाम् ॥"

उपर्युक्त पृथक पृथक ८ वटुकों, ८ क्षेत्रपालों, और ६४ योगिनीयों के मन्त्र ध्यानादि पृथक् पृथक् हो सकते हैं। परन्तु मुझे मालूम नहीं हैं, क्यों कि मैंने केवल समष्टिरूप के ही मन्त्र ध्यानादि सीखे हैं, और उतने से ही काम चलरहा है।

वटुक यन्त्र सिद्धान्तसंग्रह में तथा मेरुतन्त्र में ऐसा है:—

" शैवे पीठे यजेद्देवमन्तर्व्योमाष्टपत्रकम् ।
ऊर्ध्वं त्रिकोणषट्कोणमष्टपत्रं गृहावृतम् ॥"

क्षेत्रपाल यन्त्रम् तत्रैव—

" शैवे पीठे यजेदष्टपत्रे दिक्स्वरभूषिते ॥"

(अत्र ब्राह्मयाद्यष्टमातृकायें भी छओं आम्नायो में पूजित हैं।

उन के भी मन्त्र ध्यानादि के अनेक भेद हैं, परन्तु केवल एक ही से कामचलने के कारण मैं केवल एक एक के ही मन्त्र ध्यानादि देता जाऊँगा। अष्टमातृकाओं के नाम परातन्त्र की उक्ति से हि देचुके हैं।

१. ब्रह्माणी मन्त्रः—

" आमित्येकाक्षरं बीजं मुनिर्वाचस्पतिर्मतः।
गायत्री छन्दउद्दिष्टं वः शक्तिः कीलकं वचः॥
षड्दीर्घेनैव बीजेन षडङ्गानि प्रकल्पयेत्॥"

अस्या ध्यानम्—

" ध्यायेद्ब्राह्मीं पलाशस्थां हंसारूढां चतुर्भुजाम्।
अक्षमालावराभीतिकमण्डलुकरारुणाम्॥"

२. माहेश्वरीमन्त्रः—

" ॐ ह्रीँ नमो भगवति माहेश्वर्यै हि संवदेत्।
परमे पदमुच्चार्यैश्वर्यै स्वाहान्तको मनुः॥
तारादिरेकविंशर्णोऽश्वारुढा तत्परं मतम्॥"

अस्या ध्यानम्—

" वृषारूढां भालचन्द्रां त्रिनेत्रां शशिसन्निभाम्।
दधतीं शूलडमरू महाहिवलयां भजे॥"

३. कौमारीं मन्त्रः—

" क्रौँ कौमार्यै नम इति षडर्णो मन्त्र ईरितः।
मुनिर्ब्रह्मा च गायत्री छन्दः कौमारिका भवेत्॥

देवता क्रोमिदं बीजं कौमार्यै शक्तिरुच्यते।
मन्त्रवर्णैः षडङ्गानि हृदि ध्यायेच्च देवताम्॥"

अस्या ध्यानम्—

" शक्त्यक्षस्रग्वराभीतिकरां बन्धूकसन्निभाम्।
मयूरध्वजिनीं रक्तवस्त्रामौदुम्बरस्थिताम्॥
हरितकञ्चुकिकां रम्यां नानालङ्कार भूषिताम्॥"

४ वैष्णवी मन्त्रः—

" नमोऽन्ते च वैष्णव्यै मन्त्रः प्रोक्तः षडक्षरः।
मन्त्रार्णैरत्र चाङ्गानि शेषं पूर्ववदाचरेत्॥"

अस्या ध्यानम्—

" शङ्खचक्रगदापद्मधरां पीताम्बरावृताम्।
घनश्यामास्यकमलां स्मितां श्रीवैष्णवीं भजे॥"

५. वाराही मन्त्रः—

" अथ वार्तालिकां वक्ष्ये वाराहीं शत्रुघातिनीम्।
ऐँ ग्लौँ ठँ ठँ ठमिति हुँ स्वाहान्तोऽष्टाक्षरो मनुः॥
छन्दोऽनुष्टुप् च कपिलो मुनिर्वार्तालिका सुरी।
वाराह्यत्र षडङ्गानि क्रमाद्द्विभिर्बिन्दुभूभूभिः॥

अस्या ध्यानम्—

" द्वाभ्यां " ध्यायेत् ततो देवीं विद्युद्धासां कराम्बुजैः।
दधानामंकुशं पाशं मुद्गर शक्ति मेवच॥
विद्युद्धासां त्रिनेत्रां च नाशयन्तीं तथा रिपून्।"

६ इन्द्राणी मन्त्रः-

" अथातः संप्रवक्ष्यामि इन्द्राणीं नृपराज्यदाम् ।
ईं इन्द्राण्यै नम इति मन्त्रः प्रोक्तः षडक्षरः ॥
गुरुर्मुनिश्च गायत्री छन्दो देवीन्द्रवल्लभा ।
ईंबीजं शक्तिरिन्द्राण्यै नमः कीलकमुच्यते ॥ "

अस्या ध्यानम्:-

" वज्रपाशवराभीतिहस्ता श्यामाम्बरावृता ।
चतुर्दन्तगजारूढ़कल्पच्छायासंस्था हिरण्यभा ॥ "

७. चामुण्डा मन्त्रः-

" मायाबीजं समुच्चार्य चामुण्डां ङेयुतां पुनः ।
नमोऽन्तो नगवर्णोऽयं मन्त्रः सर्वार्थसाधकः ॥
शिवो मुनिश्च गायत्री छन्दोऽमुष्य च देवता ।
चामुण्डा मन्त्रवर्णैश्च द्विरावृत्या षडङ्गकम् ॥ "

अस्या ध्यानम्:—

" नीलोत्पलदलश्याम चतुर्बाहुसमन्विता ।
खट्वाङ्गं चन्द्रहासं च बिभ्रती दक्षिणे करे ॥
वामे चर्म्म च पाशं च ऊर्ध्वतो भावतः पुनः ।
दधती मुण्डमालां च व्याघ्रचर्माम्बरधरा ॥
कृशाङ्गी दीर्घदंष्ट्रा च अतिदीर्घाऽतिभीषणा ।
कबन्धवाहनासीना विस्तारिश्रवणानना ॥ "

८. महालक्ष्मी मन्त्रः-

" मायाबीजं समुद्धृत्य स्वबीजं च समुद्धरेत् ।

ततो ङेन्ता महालक्ष्मीर्नमोऽन्तोष्टाक्षरो मनुः ॥
मुनिरस्य शिवः प्रोक्तो गायत्री छन्द ईरितम् ।
देवता तु महालक्ष्मीर्मन्त्रवर्णैः षडङ्गकम् ॥ "

अस्या ध्यानम्:—

" सुवर्णवर्णदीप्ताङ्गी त्रिनेत्रा सिंहवाहिनी ।
ईषत्प्रहसिता देवी नीलोत्पलदलेक्षणा ॥
भुजषोडशसम्पन्ना सर्वालङ्कारभूषिता ।
खड्गं घण्टां शरं सूत्रमङ्कुशं शूलपद्मकम् ॥
दधाना दक्षिणैर्हस्तैरनाथेभ्यो वरप्रदा ।
तथा वामैर्हस्तपद्मैः खेटकं डिण्डिमं धनुः ॥
कमण्डलुं नागपाशं कपालं पुस्तकाभयम् ।
जाज्वल्यमाना तेजोभिस्तीव्राह्लादकारिणी ॥ "

दक्षिणाकालीकल्प में अष्टमातृकाओं के क्रम पृथक् हैं फिर तीन विद्याएँ भी पृथक् हैं। वे ऐसे हैं ।१ ब्रह्माणी । २ नारायणी ३ माहेश्वरी । ४ चामुण्डा । ५ कौमारी । ६ अपराजीता । ७ वाराही । ८ नारसिंही । इन में से नरायणी, अपराजिता, तथा नारसिंही के अतिरिक्त अन्य मातृकाओं का वर्णन ऊपर ही दे चुका हूँ । अब नारायणी के मन्त्र ध्यानादि ऐसे हैं:—

" प्रणवं पूर्वमुच्चार्य स्वबीजं च समुच्चरेत् ।
ङेन्तां नारायणीं प्रोच्य नमोऽन्तोष्टाक्षरो मनुः ॥"

अस्या ध्यानम्—

" उद्यद्भानुसहस्राभां शङ्खं पङ्कज धारिणीम् ।
गदां रथाङ्गं दधतीं पीताम्बर धरां शुभाम् ॥

भजे नारायणीं देवीं पीनोन्नत पयोधराम् ॥ ''

अपराजिता (मातृका) जो हैं, वह पूर्वोक्त (पूर्वाम्नायात्मिका) अपराजिता नहो कर वैष्णवी (मातृका) का रूपान्तर अपराजिता वैष्णवी हैं।) उन के मन्त्र ध्यानादि मेरुतन्त्र में इस प्रकार के हैं:—

" अथातः संप्रवक्ष्यामि वैष्णवीमपराजिताम् ।
तारमाकर्षिणिपदमावेशिनि ततो वदेत् ॥
ज्वालामालिनि रमणि रामणि धरणीति च ।
धारणि तपनोत्युक्तो तापिनि मनोन्मादिनि ॥
शोषिणीति पदं प्रोच्य ततः संमोहिनीति च ।
तथा नीलपताके च महानीले महाग्रीये ॥
महाग्नेयि महाचण्डे महारौद्रि महेति च ।
वज्रिणीति तथादित्यरश्मिजाह्नवि संवदेत् ॥
यमघण्टे किलि किलि चिन्तामणिपदं वदेत् ।
सुरभिसुरोत्पन्ने च सरस्वतिपदं ततः ॥
सर्वकामदुघे प्रोच्य यथा मम मनोषितम् ।
कार्यं तन्मे सिध्यत्विति स्वाहान्तोऽय मनुर्मतः ॥
षड्द्वादशार्णो मुन्यादिः प्राग्वत् सौख्यप्रदो मनुः ।
जपेद्वर्णशतं होमादिकं पूर्ववदाचरेत् ॥ "

अस्या ध्यानम्:—

" शोणपद्मप्रतीकाशां मुक्तमूर्धजलाम्बिनीम् ।
लसत्काञ्चनसम्भूतकुण्डलो ज्वलशालिनीम् ॥
स्वर्णरत्नसमुन्नद्धकिरीटसूत्रधारिणीम् ।

कृष्णशुक्लारुणैर्नेत्रैस्त्रिभिश्चारुविभूषिताम् ॥
बन्धूकदन्तवसनां शिरीषप्रभनासिकाम् ।
कम्बुग्रीवां विशालाक्षीं सूर्यकोटिसमप्रभाम् ॥
चतुर्भुजां सुवसनां पीनोन्नतपयोधराम् ।
दक्षिणाभ्यां कराभ्यां तु खड्गं च जपमालिकाम् ।
बिभ्रतीं वामहस्ताभ्यामभयंचवरं तथा ।
अनल्पनागनोसोरुं गुप्तगुल्फां सुपार्ष्णिकाम् ॥
गात्रेण रत्नस्तम्भं च सम्यगालम्ब्य संस्थिताम् ।
किमिच्छसीति वचनं व्याहरन्तीं मुहुर्मुहुः ॥
पञ्चाननं पुरः संस्थं निरीक्षन्तीं स्ववाहनम् ॥ "

नारसिंही के मन्त्र ध्यानादि गौरीकञ्चुकीतन्त्र में ऐसे लिखे हैं:—

" संवर्तको वह्निसंस्थस्संकर्षणसमाश्रितः ।
नादबिंदुः समायुक्त इत्थबीजं समुद्धरेत् ॥
नारसिंह्यै पदंद्यान्नमोऽन्तोऽलोभवेन्मनुः ॥ "

अस्या ध्यानम्:—

" नारसिंहीं नृसिंहस्य बिभ्रतीं सदृशं वपुः ।
चक्रं चापं तथा बाणं तत्वमुद्राश्चबिभ्रतीम् ॥
वराभयकरां वन्दे ज्वलत्कालानलप्रभाम् ॥ "

इन तीनों विद्याओं का केवल दक्षिणाम्नाय से ही उपासना होता है।

(अब एक रहस्य जानने की बात है कि अन्यकल्प से पृथक् दक्षिणकाली के कल्प में अष्टमातृकाएँ इस प्रकार की क्यों हुई?

इस का रहस्य यह है कि अन्य विद्याओं की षोडश कलायें हैं, परन्तु दक्षिणकालीका की एक कला शाम्भवी विद्या होने के कारण केवल पन्द्रह कलायें समझकर उन की ही पूजा होती है। अब प्रश्न यह है कि दक्षिणकाली-विद्यामें केवल १५ कलायें क्यों हुईं ? केवल १५ कलायें होने से क्या यह विद्या अपूर्ण है ? इन की एक कला शाम्भवी विद्या क्यों हुईं ? अन्य आम्नायों की शक्तियों में और दक्षिणाम्नाय की भी आद्याकाली महोग्रतारा इत्यादि शक्तियों में क्या शाम्भवी विद्या नहीं है ? शाम्भवी विद्या के तत्व और रहस्य क्या है? यदि अन्य विद्याओं में भी शाम्भवी विद्या है तो किस-किस आम्नाय में किस किस प्रकार की है ? यह सब रहस्य रश्मिसहित षड़न्वयशाम्भवदीक्षित तथा पूर्णाभिषेक्त षड़ाम्नायवेत्ता गुरुवक्त्र से ही मन्त्रार्थ, ध्यानार्थ (स्वरुपार्थ) तथा (आवरणदेवताओं के नाम और स्वरुप का विचार विवेक) यन्त्रार्थ के आलोचना के साथ अर्थों का ऐकी करण करा के जानलेना चाहिए यहाँ मैं बहुत ही संक्षेपतः सूचित करता हूँ। देखिए दक्षिणाम्नाय के विवरण में मैंने संक्षेपतः श्यामाकाली (दक्षिणकाली) के मन्त्रार्थ और ध्यानार्थ का ऐक्याभाव दिखाकर यह विद्या विरजा है यहबात बता चुका हूँ। अतः अन्य विद्यायें त्रिगुणात्मिका होने के कारण षोडशकलायुक्त हैं, परन्तु दक्षिणकाली विद्या में सत्वगुण का लेस मात्र रहकर गुणातीता होने के कारण केवल १५ कलायुक्त हुईं। इन के रुप में ललजिह्वा निकाल के लहलहा रही हैं यह रजोगुण तथा तमोगुण के बहिष्कार का सूचक तथा श्वेतघोर दंष्ट्रा सत्वगुण सूचक होकर रजोगुणसूचक रक्तजिह्वा को दबा रखा है इत्यादि सूचना से दक्षिणकाली विरजा

हुईं यह बात पूर्व ही बताचुका हूँ। अब याद रखने की बात यह है कि जैसा मन्त्र तथा स्वरुप (ध्यान) का ऐक्य है, वैसाही यन्त्र और स्वरुप का ऐक्य है। मूल देवी जब यन्त्ररुप में परिणत होंगी तब उनका प्रत्येक अङ्ग प्रत्यंग आवरण देवताओं के रुप में परिणत होगा। इस विषय मे तन्त्रसद्भाव में लिखा है:—

" एवं रुपं परंतेजः श्रीचक्रवपुषास्थितम् ॥
तदीयशक्तिनिकरस्फुरदूर्मिससावृतम् ॥ "

श्रीचक्र के विषय में निगम का श्रुति वचन ऐसा है:-

" परमकारणभूता शक्तिः केन नवचक्ररूपो देहः।
नवचक्रशक्तिमयं श्रीचक्रं वाराही पितृरूपा ॥
कुरुकुल्लाचील देवता माता पुरुषार्थाः सागरा।
देहो नवतत्नद्वीपः ॥ " इत्यादि ।

